आर०एन०आई० पंजी० सं० - UPHIN/2014/60049

# अमर चेतना

वर्ष- 08, अंक- 81 | (हिन्दी दैनिक) | (प्रातः कालीन संस्करण) | फतेहपुर, मंगलवार, 09 नवम्बर 2021 | E-Mail:- amarchetnaftp@gmail.com | पृष्ठ-6, मूल्य- 3.00 रुपया

## कुछ लोगों ने रामपुर की विरासत को खत्म करने का प्रयास किया, अब हो रहा संरक्षण : मुख्यमंत्री योगी



**मुरादाबाद, एजेंसी।** रामपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकास योजनाओं को देते हुए आनंद की अनुभूति हो रही है, सभी को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।कुछ लोगों ने रामपुर की विरासत को खत्म करने का प्रयास किया। भारत विरासत का देश है और हर हाल में दुनिया की सबसे प्राचीन विरासत को सुरक्षित और संरक्षित करने का दायित्व भी हम सब पर है। इन साढ़े चार साल में हमने प्रदेश में कानून का राज कायम किया। गुंडे माफिया प्रदेश छोड़कर भाग गए या जेल में बंद हैं। किसी भी भूमाफिया को गरीब, वंचित, व्यापारी एवं गरीब की संपत्ति को कब्जा नहीं करने देंगे, इसलिए हम यहां आए हैं। सीएम ने कहा कि रामपुर विकास की प्रक्रिया का हिस्सा बने, बिना भेदभाव के बड़े प्रोजेक्ट हों, गरीब कल्याण की योजनाओं, कानून व्यवस्था को कायम रखने का प्रयास किया गया है। रामपुर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बिना भेदभाव के विकास कराया गया है। चेहरा देखकर नहीं बल्कि पात्रों को योजनाओं का लाभ दिया गया। कोरोना काल में हमने अस्पताल में ही नहीं, जेलों में बंद लोगों का भी इलाज कराया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक श्रेष्ठ देश का निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि रामपुर की बात करूं तो पिछले साढ़े चार वर्ष के दौरान तीन हजार करोड़ की परियोजनाओं को प्रदेश सरकार ने मंजूर किया है। बिलासपुर में 1700 करोड़ के रुपये के कार्यों को आगे बढ़ाया है। 240 कार्य मिलक में पूर हो चुके हैं। चमरौआ में 162 कार्य पूरे हो चुके हैं। रामपुर में 402 करोड़ के विकास की कार्य की स्वीकृति हो चुकी है। 21 कार्य पूरे हो चुके हैं। विकास के नाम पर कोई भेदभाव नहीं किया गया। तुष्टीकरण के नाम पर कोई खिलवाड़ नहीं, यही सरकार की नीति रही है। आपके रामपुर जनपद में 143 माफिया के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

### कोविड वैक्सीनेशन को गति देने में लगी योगी सरकार दो महीने तक 25 से 30 लाख डोज देने की योजना

**लखनऊ।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण पर अंकुश लगाने के बड़े मिशन में लगी उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार का लक्ष्य दो महीने में अधिक से अधिक लोगों को कोविड वैक्सीन की डोज देने का है। सरकार अब दो महीने तक हर दिन 25 से 30 लाख लोगों को कोरोना वैक्सीन की डोज देने की तैयारी में है। प्रदेश में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार ने अब अगले दो महीने तक प्रतिदिन 25 से 30 लाख वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा है। उत्तर प्रदेश सबसे अधिक वैक्सीन लगाने वाला राज्य है। चुनाव के लिहाज से भी यूपी पर सभी की निगाहें हैं। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक वैक्सीनेशन की चर्चा जरूर करते हैं, लेकिन करीब पांच करोड़ लोगों ने अभी तक एक भी डोज नहीं ली है। सरकार का पहला लक्ष्य इन पांच करोड़ लोगों को कम से कम एक-एक डोज देने का है।

## लखीमपुर हत्याकांड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फिर लगाई उप्र सरकार को फटकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने लखीमपुर खीरी हत्याकांड मामले में सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार को एक बार फिर फटकार लगाते हुए कहा कि वह उसकी अब तक की जांच से संतुष्ट नहीं है तथा आरोप पत्र दाखिल होने तक उच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायधीश की देखरेख में जांच करवाना चाहता है। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन और न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की खंडपीठ ने जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए सरकार की एसआईटी जांच को 'ढीला ढाला' बताते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि मुख्य अभियुक्त को बचाने की कोशिश की जा रही है। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान कई सवाल खड़े किए और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की जांच अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। इस मामले में मामले सरकार की ओर से प्रस्तुत की गई प्रगति स्टेटस रिपोर्ट में गवाहों के बयान दर्ज करने की जानकारी



के अलावा कुछ भी नया नहीं है। खंडपीठ ने पूछा कि मुख्य अभियुक्त आशीष के अलावा अन्य अभियुक्तों के मोबाइल फोन क्यों जब्त नहीं किए गए। उन्होंने अन्य अभियुक्तों के मोबाइल फोन जब्त नहीं किए जाने पर गहरी नाराजगी जताई। उत्तर प्रदेश सरकार ने न्यायालय को बताया कि इस मामले के सबूतों से संबंधित लैब की रिपोर्ट 15 नवंबर तक आएगी। इस पर अदालत ने कहा कि 10 दिन का समय दिया गया था। इस दौरान कुछ नहीं किया गया। सरकार ने कहा कि लैब के कामकाज पर उसका नियंत्रण नहीं है। सरकार की जांच से असंतुष्ट खंडपीठ ने कहा कि वह इस मामले की जांच पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजीत सिंह से कराना चाहती है। इस पर श्री साल्वे ने कहा कि वह इस बारे में शुक्रवार को अगली सुनवाई में सरकार का पक्ष रखेंगे।

## सुकमा जिले में जवान ने अपने साथियों पर गोलियां चलायीं, चार शहीद, तीन घायल

**सुकमा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के नक्सली प्रभावित सुकमा जिले के मरईगुड़ा के समीप आज केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के शिविर में एक जवान ने अपने साथियों पर गोलियां चला दीं, जिससे चार जवान शहीद हो गए और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार लिंगनपल्ली के शिविर में जवानों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके चलते एक जवान ने गोलियां चला दीं, जिससे तीन जवानों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और चार को अस्पताल भेजा गया।

एक अन्य जवान ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूत्रों के अनुसार गोली लगने से सीआरपीएफ की 50 वीं बटालियन के धनजी, राजीव मंडल, राजमणि कुमार यादव और धर्मेंद्र कुमार शहीद हुए हैं। तीन अन्य घायल जवानों धनंजय कुमार



सिंह, धर्मात्मा कुमार और मलय रंजन महाराणा का इलाज चल रहा है। सभी को पास ही स्थित तेलंगाना के भद्राचलम के अस्पताल भेजा गया है। सूत्रों ने कहा कि जवानों के बीच विवाद का कारण तत्काल पता नहीं चल सका है। गोली चलाने वाले जवान का नाम भी तत्काल पता नहीं चल सका है। परिजनों ने बताया, धर्मेंद्र 4 भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके 3 भाई राजेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह और मुन्ना गांव में ही रहकर खेती करते थे। धर्मेंद्र ने 2011 में सीआरपीएफ जॉइन किया था। पिता रामवचन सिंह वृद्ध हो चुके हैं। उन्हें यह विश्वास ही नहीं हो रहा है कि जवान बेटा चला गया। कभी वह बहू सविता को बेहोश होता देख परेशान हो रहे हैं तो कभी बच्चों का चेहरा देख रो रहे हैं।

### इंडोनेशिया के गांधीवादी समाजसेवी इंद्र उदयन भी पद्म श्री से सम्मानित

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** इंडोनेशिया में गांधीवादी विचारधारा तथा मूल्यों को समाज में रचाने बसाने के काम में जुटे गांधीवादी समाजसेवी अगस इंद्र उदयन को आज राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वर्ष 2020 के लिए प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया। श्री उदयन करीब एक दशक से इंडोनेशिया तथा आस पास के देशों में गांधीवादी विचारधारा को प्रचारित और प्रसारित करने तथा लोगों के जीवन में ढालने में जुटे हुए हैं। वह अनेक जगहों पर समय समय पर सेमीनारों , कार्यशालाओं , प्रतियोगिताओं , शिविरों , प्रार्थना सभाओं के माध्यम से गांधी के मूल्यों को समाज में नीचे तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। गांधीवादी समाजसेवी ने शांति, न्याय और सहिष्णुता की संस्कृति को बढावा देने के लिए चार आश्रमों की भी स्थापना की है जिनमें विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के चहुमुखी विकास के लिए काम किया जा रहा है।

## पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के पंढरपुर जाने वाले राजमार्गों के विस्तार की आधारशिला रखी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए श्री संत ज्ञानेश्वर महाराज पालकी मार्ग (एनएच-965) और श्री संत तुकाराम महाराज पालकी मार्ग (एनएच-965जी) के प्रमुख खंडों को चार लेन बनाने के कार्यों की आधारशिला रखी। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इन राजमार्गों के विकास से पंढरपुर जाने वाले तीर्थयात्रियों को काफी सहूलियत होगी। इन राजमार्गों के विकास को संत तुकाराम और संत ज्ञानेश्वर से जुड़े शहर पंढरपुर की तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। पीएम मोदी ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि आज पंढरपुर को जोड़ने वाला करीब सवा दो सौ किमी लंबे नेशनल हाइवे का भी शुभारंभ हुआ है। इनके निर्माण में करीब 1,200 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। ये महामार्ग भगवान विठ्ठल के भक्तों की सेवा



के साथ-साथ इस पूरे पुण्य क्षेत्र के विकास का मार्ग बनेंगे। आज श्रीसंत ज्ञानेश्वर महाराज पालखी मार्ग और संत तुकाराम महाराज पालखी मार्ग के विस्तार के कार्यों का शिलान्यास हुआ है। पीएम मोदी ने बताया कि श्रीसंत ज्ञानेश्वर महाराज पालखी मार्ग का निर्माण पांच चरणों में होगा जबकि संत तुकाराम महाराज पालखी मार्ग का निर्माण तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पंढरपुर की सेवा मेरे लिए साक्षात श्री नारायण हरि की सेवा है। ये वो भूमि है, जहां भक्तों के लिए भगवान आज भी प्रत्यक्ष विराजते हैं। ये वो भूमि है, जिसके बारे में संत नामदेव जी महाराज ने कहा है कि पंढरपुर तबसे है जब संसार की भी सृष्टि नहीं हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि अतीत पर हमारे भारत पर कितने ही हमले हुए। सैकड़ों साल की गुलामी में ये देश जकड़ा गया।

### नायडू , मोदी , राजनाथ , शाह ने आडवाणी को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भाजपा के वयोवृद्ध नेता एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के 94वें जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। श्री नायडू, श्री मोदी, श्री सिंह, श्री शाह और श्री नड्डा आज सुबह 27,पृथ्वीराज रोड स्थित श्री आडवाणी के निवास पर पहुंचे और उन्हें पुष्पगुच्छ देकर जन्मदिन पर स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। इस मौके पर श्री आडवाणी प्रसन्नचित्त दिखे , हालांकि उन्हें चलने में कमजोरी अनुभव हो रही थी। प्रधानमंत्री उनका हाथ पकड़ कर उन्हें गार्डन में ले आये। उनके पुत्र जयंत आडवाणी और पुत्री प्रतिभा आडवाणी भी मौजूद थे। सभी की मौजूदगी में श्री आडवाणी ने बर्थडे केक काटा और सभी को खिलाया।

### सीमा विवादः मुंबई-कर्नाटक क्षेत्र का नया नाम कित्तूर कर्नाटक रखा गया

**बेंगलूरु, एजेंसी।** कर्नाटक के मुंबई-कर्नाटक क्षेत्र का नाम बदलकर कित्तूर कर्नाटक क्षेत्र कर दिया गया है। कर्नाटक के कानून व विधायी मामलों के मंत्री जेसी मधुस्वामी ने सोमवार को राय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। कर्नाटक का महाराष्ट्र के साथ सीमा विवाद है। इसे देखते हुए कर्नाटक सरकार यह कदम उठा रही है। इससे पहले एक नवंबर को कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने एलान किया था कि मुंबई-कर्नाटक क्षेत्र का नाम बदलकर कित्तूर कर्नाटक क्षेत्र कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब अक्सर ही सीमा विवाद उठ रहे हैं तो पुराने नाम को चलाने का कोई मतलब नहीं है, इसलिए इस क्षेत्र का नाम बदलने का फैसला किया गया है। बोम्मई ने यह घोषणा कर्नाटक रायोत्सव के दौरान की थी, जो 65 साल पहले राय का गठन होने की स्मृति में मनाया जाता है। बोम्मई ने कहा था कि हमने हाल ही में हैदराबाद-कर्नाटक क्षेत्र का नाम बदलकर कल्याण कर्नाटक कर दिया था। असल में बोम्मई महाराष्ट्र सरकार के कुछ नेताओं के दावों का जिक्र कर रहे थे जिनमें मराठी आबादी की पर्याप्त मौजूदगी का हवाला देते हुए बेलगावी जिले और कर्नाटक के कुछ सीमावर्ती इलाकों को महाराष्ट्र में शामिल करने की मांग की गई थी। कर्नाटक में जिलों के समूह को कित्तूर कर्नाटक क्षेत्र नाम देने के पीछे का कारण बताते हुए मुख्यमंत्री बोम्मई ने कहा था कि कर्नाटक का एकीकरण होने के बाद, सीमा विवादों की शुरुआत हुई थी और तब इन विवादों को सुलझा भी लिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हम एक बार फिर इन सीमा विवादों को सिर उठाते हुए देख रहे हैं। जब इतनी घटनाएं हो रही हैं तो अब भी इसे मुंबई-कर्नाटक क्षेत्र कहने का क्या मतलब है? उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ये बदलाव 1956 में ही हो जाने चाहिए थे जब राय पुनर्गठन अधिनियम प्रभाव में आया था।

## आर्मी चीफ बोले : चुनौतियों से निपटने के लिए विकसित कर रहे स्वदेशी तकनीक

**विदेशी प्रौद्योगिकी पर निर्भरता कम करना जरूरी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने सोमवार को दावा किया कि भविष्य में संघर्ष के दौरान भारतीय सेना के पूर्ण इस्तेमाल के लिए केवल स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकियां ही उपलब्ध रहेंगी। ऐसे में विदेशी प्रौद्योगिकियों पर निर्भरता कम करना बेहद अहम है। उन्होंने फिक्की के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सेना तेजी से आधुनिकीकरण के दौर से गुजर रही है और यह अपनी जरूरतों के लिए अधिक से अधिक स्वदेशी समाधान तलाश रही है। सेना प्रमुख ने कहा कि मैं वास्तव में मानता हूं कि संघर्ष के दौरान, युद्ध जैसी स्थितियों में, विभिन्न क्षेत्रों में पूर्ण इस्तेमाल के लिए केवल स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकियां ही हमारे लिए उपलब्ध होंगी। नरवणे ने बताया कि उभरती सुरक्षा



चुनौतियों का सामना करने और विदेशी प्रौद्योगिकियों पर निर्भरता कम करने के लिए स्वदेशी और स्थानीय क्षमताओं का विकास किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सेना विशेष रूप से इस पहल का नेतृत्व करने के लिए अधिक उपयुक्त है। भारत के पास एक विस्तृत औद्योगिक आधार है और हमें विश्वास है कि रक्षा उपकरणों की अधिकतर मुख्य आवश्यकताओं को घरेलू स्तर पर ही पूरा किया जा सकता है। सेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय सेना में अधिग्रहण की औसत लागत कम है जो एमएसएमई और स्टार्ट-अप की व्यापक भागीदारी की अनुमति देती है। उन्होंने कहा कि आर्थिक मंदी के दौरान सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल से घरेलू उद्योग को जरूरी प्रोत्साहन मिला है।

### पेगासस मामले में सिद्धारमैया की शिकायत की जांच करें कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरू, एजेंसी।** केंद्र ने कर्नाटक सरकार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारैया तरफ से की गई शिकायत की जांच करने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्धारमैया ने कुछ महीने पहले शिकायत की थी पेगासस स्पाइवेयर के जरिए देश के प्रमुख लोगों की जासूसी और निगरानी की जा रही है। सिद्धारमैया ने 22 जुलाई को राष्ट्रपति सचिवालय के माध्यम से एक पत्र के साथ केंद्र सरकार को याचिका दायर कर शिकायत की थी कि उनके निजी सहायक एम. वेंकटेश पेगासस स्पाइवेयर के जरिए अवैध जासूसी और निगरानी के घेरे में आए थे। याचिका मिलने के बाद राष्ट्रपति सचिवालय ने 13 सितंबर को मामले को गृह मंत्रालय के पास भेजा। मंत्रालय ने इस पर जवाब देते हुए कर्नाटक सरकार से कहा कि यह पुलिस और लोक व्यवस्था राज्य का विषय है इसलिए जांच राज्य को करनी चाहिए।

**सरकार पर महबूबा का प्रहार**

### चुप्पी को शांति न समझें, चरम पर भ्रष्टाचार पीएम केयर्स फंड सबसे बड़ा घोटाला

**जम्मू, एजेंसी।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की मुखिया महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) पर कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। प्राइम मिनिस्टर केयर्स फंड सबसे बड़ा घोटाला है। किसानों के मुद्दे को लेकर कहा कि लोग नाराजगी का इजहार करेंगे और भाजपा को इसका नतीजा भुगतना पड़ेगा। महबूबा ने कहा कि पीएम केयर्स फंड के माध्यम से खरीदे गए वेंटिलेटर न केवल श्रीनगर में बल्कि गुजरात में भी खराब पड़े हैं। कोई भी लोगों के प्रति जवाबदेह नहीं है। पीएम केयर्स फंड के माध्यम से खरीदे गए खराब वेंटिलेटर बताते हैं कि यह सबसे बड़ा घोटाला है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के लंबे-चौड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन वर्तमान समय में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। भाजपा द्वारा दिए जा रहे बयान तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। भाजपा के बयानों का कोई महत्व नहीं है। पीडीपी मुखिया ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में



लोगों का गला घोंटा गया है। सरकार को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि चुप्पी को शांति के रूप में देखना अच्छा नहीं है। जम्मू-कश्मीर में अतिरिक्त बलों को बुलाया जाना स्पष्ट संकेत है कि स्थिति अच्छी नहीं है। कश्मीर में हाल ही में लोगों की हत्याएं प्रशासन की विफलता को उजागर कर रही हैं। हाल ही में निर्मला सीतारमन द्वारा दिए गए बयान पर उन्होंने कहा अगर कश्मीर में हालात ठीक हैं तो लोगों को क्यों बंद किया जा रहा हैं। केंद्र की तरफ से नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी को तोड़ने की कोशिशें हो रही हैं।

**उपहार अग्निकांड**

## कोर्ट ने अंसल बंधुओं पर लगाया 2.25 करोड़ का जुर्माना, सुनाई 7-7 साल की सजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने उपहार सिनेमा अग्निकांड के मामले में सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने के लिए रियल एस्टेट कारोबारी सुशील और गोपाल अंसल को 7-7 साल की जेल की सजा सुनाई है। इसके अलावा कोर्ट ने अंसल बंधुओं पर 2.25- 2.25 करोड़ रुपये जुर्माना भी लगाया है। साल 1997 में हुए अग्निकांड में 59 लोगों की जान चली गई थी। आदेश सुनाए जाने के बाद जमानत पर छूटे दोषियों को तुरंत हिरासत में ले लिया गया। कोर्ट के आदेश पर सभी दोषियों को जेल भेजा जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, अदालत ने कोर्ट के पूर्व कर्मचारी दिनेश चंद शर्मा और दो अन्य दोषियों पीपी बत्रा और अनूप सिंह को भी सात-सात सजा की सजा सुनाई है। इसके अलावा तीनों दोषियों पर तीन-तीन लाख रुपये जुर्माने की सजा भी सुनाई है। चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट पंकज शर्मा ने सजा सुनाते हुए कहा कि रात-रात भर सोचने पर बाद मैंने फैसला किया है कि ये लोग सजा के पात्र हैं। सजा सुनाने के दौरान सभी दोषी कोर्ट में मौजूद थे। सुप्रीम कोर्ट से अंसल बंधु जमानत पर रिहा हुए थे। अब उन्हें फिर से जेल में रहना पड़ेगा। बता दें कि 13 जून, 1997 को हिंदी फिल्म बॉर्डर की स्क्रीनिंग के दौरान उपहार सिनेमा में आग लग गई थी, जिसमें 59 लोगों की जान चली गई थी। जबकि 100 से अधिक लोग झुलस गए थे। इस मामले में कोर्ट ने अंसल बंधुओं को दोषी ठहराया था। 22 जुलाई 1997 को दिल्ली पुलिस ने उपहार सिनेमा के मालिक सुशील अंसल को मुंबई से गिरफ्तार किया। 24 जुलाई 1997 को मामले की जांच सीबीआइ को सौंपी गई। सीबीआइ ने 15 नवंबर 1997 को सुशील अंसल और गोपाल अंसल समेत 16 आरोपितों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की।




**कोरोना संक्रमण के 11 हजार से अधिक नये मामले**

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** देश में कोरोना संक्रमण मामलों में लगातार गिरावट जारी है और पिछले 24 घंटों में 11 हजार से अधिक नये मामले सामने आये जबकि इसकी तुलना में 13 हजार से अधिक मरीज स्वस्थ हुए हैं। इस बीच देश में रविवार को 23 लाख 84 हजार 096 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये और अब तक एक अरब आठ करोड़ 47 लाख 23 हजार 096 लोगों को का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 11,451 नये मामले सामने आये हैं और संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ 43 लाख 66 हजार 987 हो गया है। इसी दौरान 13,204 मरीज स्वस्थ हुए हैं और इसके साथ ही इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर तीन करोड़ 37 लाख 63 हजार 104 हो गयी है। देश में सक्रिय मामले 2019 घटकर 1,42,826 रह गये हैं। इसी अवधि में 266 मरीजों की मौत होने से मृतकों का



आंकड़ा बढ़कर चार लाख 61 हजार 057 हो गया है। देश में सक्रिय मामलों की दर 0.42 फीसदी, रिकवरी दर 98.24 फीसदी और मृत्यु दर 1.34 फीसदी पर बरकरार है। सक्रिय मामलों में केरल देश में पहले स्थान पर है, जहां सक्रिय मामले 565 घटकर 72932 रह गये हैं। राज्य में 7488 मरीजों के स्वस्थ होने से कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 4908857 हो गयी है। इसी अवधि में 201 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 33716 हो गयी है। महाराष्ट्र में सक्रिय मामले 187 घटकर 18158 रह गये हैं जबकि 16 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 140388 हो गयी है। वहीं कोरोनामुक्त होने वालों की संख्या 1063 घटकर 6459108 रह गयी है।

## अंबानी के आवास एंटीलिया के बारे में पूछ रहे थे दो संदिग्ध, पुलिस ने सख्त की सुरक्षा व्यवस्था

**मुंबई, एजेंसी।** बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के मुंबई स्थित घर एंटीलिया की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यह कदम सोमवार को 2 संदिग्धों के एंटीलिया का पता पूछने के बाद उठाया गया है। संदिग्धों ने जिस टैक्सी ड्राइवर से अंबानी के घर का पता पूछा था, उसने ही पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके इसकी जानकारी दी है। ड्राइवर का कहना है कि दोनों उर्दू में बात कर रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टैक्सी ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि संदिग्धों के हाथ में एक बैग भी था। फिलहाल डीसीपी रैंक का अधिकारी ड्राइवर से पूछताछ कर रहा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। संदिग्धों की जानकारी मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने एंटीलिया की सुरक्षा बढ़ा दी है। आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में ड्राइवर से पूछताछ की जा रही है। टैक्सी ड्राइवर ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को फोन पर बताया



कि किला कोर्ट के सामने एक एक दाढ़ी वाले व्यक्ति ने उससे एंटीलिया का पता पूछा। वह सिल्वर कलर की वैगन आर में सवार था। उसकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी और उसके साथ एक दूसरा व्यक्ति भी था। दोनों उर्दू में बात कर रहे थे। उनके पास एक बैग भी था। पुलिस ने उस इलाके की सीसीटीवी फुटेज मंगाई है। चारों तरफ नाकेबंदी कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक टैक्सी चालक ने पुलिस को कार का नंबर भी बताया है। पुलिस आरटीओ के जरिए कार का नंबर पता कर रही है। हालांकि नंबर की जानकारी नहीं मिल पा रही है। इसी साल फरवरी में एंटीलिया के बाहर से विस्फोटक से लदी एक एसयूवी बरामद की गई थी। एसयूवी में 20 जिलेटिन की छड़ें और एक चिट्ठी मिली थी। चिट्ठी में मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी को धमकी दी गई थी। इस मामले में मुंबई पुलिस के अधिकारी सचिन वझे अभी हिरासत में हैं।

# कई संस्थानों में आयुर्वेद से हो रहा कैंसर मरीजों का इलाज: प्रो जीएस तोमर

## राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर ऑनलाइन स्वास्थ्य परिचर्चा




**प्रयागराज, (संवाददाता)।** वरिष्ठ चिकित्सक एवं विश्व आयुर्वेद मिशन के अध्यक्ष प्रोफेसर जी.एस तोमर ने कहा कि कैंसर आज तेजी से हमारे समाज मे पैर पसार रहा है। आज आयुर्वेद में कैंसर मरीजों का विश्वास बढ़ रहा है। देश के कई संस्थानों में आयुर्वेद से कैंसर मरीजों का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत में लगभग एक मिलियन नए मामले हर वर्ष सामने आ रहे हैं। अनुमान है कि भारत में हर 8 मिनट में एक महिला सर्वाइकल कैंसर से मर जाती है। पुरुषों में मुंह, फेफड़ों के कैंसर की वजह से 25 प्रतिशत मौत हो जाती है। किसी भी मरीज को कोई भी बीमारी हो तो वह शुरू में ही उसका इलाज करवाए, नहीं तो धीरे-धीरे वही बीमारी गम्भीर रूप धारण कर कैंसर जैसे घातक रोगों में तब्दील हो जाती है। डॉ तोमर ने लोगों को तंबाकू के सेवन से दूर रहने के लिए कई टिप्स दिए। उन्होंने सोंफ धनिया, काली मिर्च, छोटी पीपल, दालचीनी, छोटी-बड़ी इलायची, लौंग आदि से निर्मित हर्बल गुटखे के विषय में जानकारी दी।

**महिलाओं में स्तन कैंसर तेजी से बढ़ रहा है: डॉ शान्ति चौधरी**

किंगजार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं आरोग्य भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो एमएलबी भट्ट ने कैंसर के प्रमुख कारणों में तंबाकू या गुटखे का सेवन, सिगरेट और शराब पीना, लंबे समय तक रेडिएशन के सम्पर्क में रहना, आनुवंशिक दोष, शारीरिक निष्क्रियता, खराब पोषण, मोटापा को प्रमुख रूप से बताया। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की पूर्व रिसर्च अधिकारी डॉ शांति चौधरी ने कहा कि नई पीढ़ी में सिगरेट, तम्बाकू का सेवन बढ़ रहा है। बच्चों के अभिभावक एवं शिक्षकों को इसे गम्भीरता से लेना चाहिए और बच्चों में पड़ने वाली इस घातक लत से बचाना चाहिए। उन्होंने सर्वाइकल एवं ब्रेस्ट कैंसर से बचाव के विषय मे जानकारी दी। कहा कि शहरी क्षेत्रों में महिलाओं में स्तन कैंसर तेजी से बढ़ रहा है और यह भारत में सबसे आम कैंसर है। इसके प्रबंधन और उपचार के लिए शुरुआती पहचान जरूरी है। अज्ञानता, भय और सामाजिक कलंक के कारण कई महिलाएं स्टेज 3 या 4 कैंसर से पीड़ित होती हैं। जिसके लिए सर्जरी और व्यापक उपचार की आवश्यकता होती है।

### गाय के घी से बने जात्यादि घृत एवं गोमूत्र कैंसर चिकित्सा में प्रभावी: डॉ भार्गव

शासकीय अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज इंदौर के शल्य चिकित्सक डॉ अखिलेश भार्गव ने बताया कि आयुर्वेदिक दवाओं जैसे जैविक हल्दी, तुलसी, सदाबहार, गुग्गुलु, शिलाजीत, पुनर्नवा, सहजन एवं अनेक औषधियों द्वारा कैंसर का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चिकित्सालय में गाय के घी से बने जात्यादि घृत एवं गोमूत्र कैंसर चिकित्सा में प्रभावी है। गोमूत्र से बनी हर्बल दवा किमोथेरेपी की तरह काम करती है। गोमूत्र कैंसर की गांठ को कम करने के साथ ही कैंसर सेल को मारने का काम भी करता है। आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ अवनीश पाण्डेय ने बताया कि पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने पहली बार नवम्बर 2014 में राष्ट्रीय कैंसर दिवस की घोषणा की थी। वैज्ञानिक मैडम क्यूरी की जयंती के अवसर पर सात नवम्बर को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को रेडियम और पोलो नियम की खोज और कैंसर के खिलाफलड़ाई में उनके बड़े योगदान के लिए याद किया जाता है। उनके काम से कैंसर के इलाज के लिए परमाणु ऊर्जा और रेडियोथैरेपी का विकास हुआ। उन्होंने कैंसर का शीघ्र पता लगाने और समय पर उपचार के लिए जल्द से जल्द डॉक्टर से परामर्श लेने की सलाह दी।

## राष्ट्रीय सनातन सेना की सद्भावना यात्रा 15 को

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** राष्ट्रीय सनातन सेना प्रयागराज की ओर से समाज में सनातन धर्मावलंबियों विशेषकर ब्राह्मण समाज की अनदेखी को लेकर 15 नवम्बर को सद्भावना यात्रा बाबा चौराहा, कैण्ट से पूर्वाहन 11 बजे निकलेगी जो शहर उत्तरी के प्रमुख बाजारों से होते हुए बाबा चौराहा पर खत्म होगी। इसका नेतृत्व राष्ट्रीय सनातन सेना के मुख्य संरक्षक और वरिष्ठ समाजसेवी अभय नारायण पाण्डेय करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी होंगे। उनके साथ किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि और महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि भी शामिल होगी। यात्रा को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय सनातन सेना के पदाधिकारियों की बैठक सोमवार को सिविल लाइंस स्थित एक गेस्ट हाउस में हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने पदाधिकारियो से कहा कि 15 नवम्बर की सद्भावना यात्रा में अपनी पूरी ताकत के साथ आप सब लोग शामिल हों।

# इविवि: दीक्षान्त समारोह में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने छात्रों को 263 मेडल से नवाजा

❑ मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने तीन भवनों का किया उद्घाटन ❑ इविवि में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ की स्थापना का ऐलान



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह सोमवार को सीनेट भवन में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री, भारत सरकार धर्मेन्द्र प्रधान एवं इविवि के कुलाधिपति आशीष कुमार चौहान ने कुल 263 मेडल वितरित किये। इस दौरान मुख्य अतिथि ने तीन नये भवनों गार्गी महिला छात्रावास, चंद्रशेखर आजाद इंटरनेशनल हॉस्टल और मेजर ध्यानचंद स्टूडेंट एक्टीविटी सेन्टर का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में ऐसा शोध कराया जाए, जो समाज के उपयोग में हो। केवल शोध पत्र में प्रकाशन के लिए रिसर्च न कराया जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से विश्वविद्यालय में पांच साल के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ की स्थापना कराने का ऐलान किया। साथ ही रिक्त पदों को जल्द भरने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय देश का नेतृत्व करने वाली प्रयोगशाला है। सभी विधा में दुनिया के नेतृत्व करने वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय से ही हैं। दीक्षान्त समारोह में इसके अलावा स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर चार चांसलर गोल्ड मेडल, चार सिल्वर व दो ब्रॉन्ज मेडल भी दिये गये। जिसमें 2018-19 अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम में चांसलर गोल्ड मेडल हिमांशु दुबे, सिल्वर मेडल नेहा मिश्रा और ब्रांज मेडल कुलभूषण तिवारी को दिया गया। पोस्ट ग्रेजुएट में गोल्ड मेडल शिवनेकर रेवती विजय और सिल्वर मेडल श्रेया अग्रवाल को मिला। इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने इस वर्ष से दो बेस्ट टीचर्स को द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित किया। इनके अलावा दो शोधार्थियों को मेघनाथ साहा रिसर्च अवार्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इविवि के कुलाधिपति आशीष कुमार चौहान ने किया। इसी प्रकार 2019-20 में अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम में गोल्ड मेडल अक्षिका मित्तल, सिल्वर मेडल शाल्विका उपाध्याय और ब्रांज मेडल उर्जा श्रीवास्तव को दिया गया। पोस्ट ग्रेजुएट में गोडल मेडल माधवी सिंह और सिल्वर शशांक मणि त्रिपाठी को मिला। सभी छात्रों (पुरूष) के लिए सफेद कुर्ता और चूड़ीदार पायजामा तथा पीएचडी महिला छात्रों के लिए सफेद साड़ी लाल बार्डर के साथ तथा अंडर व पोस्ट ग्रेजुएट के लिए सफेद सूट में छात्रों ने मेडल प्राप्त किये।

# ग्रुप कैप्टन समीर गंगखेड़कर ने रक्षा सीपीआरओ का कार्यभार संभाला



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** ग्रुप कैप्टन समीर सुरेश गंगखेड़कर ने सोमवार को प्रयागराज में डिफेंस सीपीआरओ की ड्यूटी और जिम्मेदारियां संभाल ली हैं। वह प्रतिष्ठित एयरफोर्स टेक्निकल कॉलेज बेंगलुरु के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने बताया कि सेंट एडवर्ड स्कूल शिमला और गीतांजलि पब्लिक स्कूल हैदराबाद से अपनी स्कूलिंग पूरी करने के बाद जीपी कैप्टन समीर गंगखेड़कर ने नागपुर विश्वविद्यालय के अंतर्गत यशवंतराव चव्हाण इंजीनियरिंग कॉलेज से 1994 में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री अर्जित की। वह मनोविज्ञान में परास्नातक और पत्रकारिता और जनसंचार में पीजी डिप्लोमा हैं। उन्हें 1994 में एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में कमीशन मिला था। उनके पास वायु रक्षा रडार, संचार, एएफनेट, इलेक्ट्रॉनिक और संचार खुफिया, गुणवत्ता आश्वासन, सड़क सुरक्षा, प्रशिक्षण और जनसंपर्क में विविध अनुभव है। उन्होंने महत्वपूर्ण नियुक्तियां भी की हैं। उन्होंने एनएडीपी, सिविल डिफेंस कॉलेज, मैनेजमेंट/इंजीनियरिंग कॉलेजों और कॉर्पोरेट्स में गेस्ट लेक्चर दिए हैं। वह दो मौकों पर इंडिया-यूएस एक्सरसाइज कोप-इंडिया-05 और एयरो इंडिया में हिस्सा ले चुके हैं। उन्होंने सबसे लंबे समय तक चलने वाले सैन्य प्रश्नोत्तरी के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भारतीय रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह अपने पिता सुरेश और मां स्वाती गंगखेड़कर में अपनी प्रेरणा पाते हैं। उनकी पत्नी डॉ प्रजाकता एक दूरदर्शी शिक्षाविद हैं और बेटी राधिका अपनी 12वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही है। उनकी बहन डॉ श्राद्ध स्पाइन केयर स्पेशलिस्ट हैं।

## चार दिन से गायब युवक का शव कुंए में मिला

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** कोरांव थाना क्षेत्र के बड़ोखर गांव में सोमवार दोपहर चार दिन से गायब युवक का शव कुंए में पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। कोरांव के बड़ोखर गांव निवासी सरताज अली 23वर्ष पुत्र रमजान अली छह भाइयों में चौथे नम्बर का था। प्राइवेट काम करके अपना खर्च चलाता था। उसके पिता गुजरात शहर में रहते है। पुलिस कहना है कि 4 नवम्बर को घर से पैदल निकला और वापस नहीं लौटा। देर होती देख परिवार के लोग उसकी खोजबीन करने लगे। सोमवार दोपहर गांव के पास स्थित एक कुंए में ग्रमीणों ने युवक का शव देखा तो पुलिस एवं उसके परिजनों को खबर दी।

# श्याम ग्रुप ने शुरू किया एसबीडब्लू मील्स स्टोर

## रोजगार सृजन के साथ प्रदेश के प्रत्येक जिले में खुलेगा केन्द्र: विद्रुप अग्रहरि



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** श्याम ग्रुप ने ग्राहकों के लिए एसबीडब्लू मील्स सोमवार से बालसन चौराहे के पास से शुभारम्भ करेगा। जिसमें विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थो के स्टोर शहर एवं प्रदेश के सभी जनपदों में शुरू करेगा। उक्त जानकारी देते हुए श्याम ग्रुप के निदेशक विदुप अग्रहरि ने बताया कि इस कार्य में युवाओं को राजगार उपलब्ध कराने के साथ ही स्टोर चलाने वाले को एक उद्योग भी मिलेगा। श्री अग्रहरि ने बताया कि श्याम ग्रुप भारत के उद्योग जगत में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना चुका है। तम्बाकू जगत में श्याम बीड़ी, श्याम डेरी द्वारा तैयार किया गया देशी घी, एसएमपी इत्यादि फ्लोर मील जगत में श्याम एग्रो प्रोडक्टस द्वारा तैयार कान्हा गोल्ड आटा, सूजी, मैदा, बेसन, पोहा, दलिया इत्यादि। ग्रुप द्वारा कानपुर शहर रियल स्टेट में पदार्पण करते हुए कान्हा श्या रेजीडेन्सी ग्रुप हाउसिंग जोकि एक आधुनिक लक्जरी युकत सुविधाएं से युक्त है। ग्रुप के चेयरमैन श्रीमती जमनोत्री गुप्ता ने बालसन चौराहे स्थित नए एसबीडब्लू मील्स केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। एसबीडब्लू मील्स के प्रवक्ता ने बताया कि हम शहर वासियों के लिए प्रतिष्ठित होटल कान्हा श्याम के शेफ द्वारा निर्मित भिन्न-भिन्न प्रकार के तैयार एवं फ्रोजन आइटम शाकाहारी एवं मांशाहारी दोनों ही व्यंजन ग्राहकों को उचित दर एवं पूण गुणवत्ता के साथ शहर के साथ अन्य स्थापित होने वाले स्टोरों पर उपलब्ध रहेंगे। फ्रोजन पराठे, वेज बिरयानी, मसाला छोले, जीरा राइस, पनीर बटर मसाला, वेट टोमैटो पास्ता तथा मांशाहारी व्यंजनों में चिकन कीमा मसाला, चिकन टिक्का, बिरयानी, चिकन बटर मसाला आदि खाद्यय पदार्थ और बेकरी द्वारा निर्मित केक, कुकीज, पेस्टी, विभिन्न प्रकार के ब्रेड, पीज्जा बेस आदि ग्राहकों को उनकी संतुष्टि के अनुरूप प्राप्त होगा।

## कुंए में गिरने से महिला की मौत

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के मलाक बलऊ गांव में रविवार रात एक महिला की कुंए में गिरने से मौत हो गई। जबकि मायके वालों ने ससुराल वालों पर आरोप लगाया है। सोमवार सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। नवाबगंज के मलाक बलऊ गांव निवासी पूजा देवी 30वर्ष पत्नी सन्तोष कुमार के एक बेटा और एक बेटी है। पति प्राइवेट काम करता है। पुलिस के मुताबिक पूजा देवी के ससुराल वालों ने रविवार दास बजे सूचना दिया कि वह कुंए से पानी निकालते समय गिर गई और जबतक उसे बचाने के लिए प्रयास कर पाते, इस बीच उसकी डूबने से मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुंए से बाहर निकलवाया और उसके मायके वालों को खबर दी।

## रविन्द्र यादव बने सपा शिक्षक सभा के प्रदेश सचिव



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉ मान सिंह यादव ने रविन्द्र कुमार सिंह यादव को शिक्षक सभा का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। उक्त जानकारी महानगर मीडिया प्रभारी सै.मो अस्करी ने देते हुए बताया कि हंडिया विधानसभा क्षेत्र के अढ़ीनी गांव निवासी रविन्द्र यादव अम्बेडकर नगर जिले के नरेन्द्र देव इंटर कालेज जलालपुर में बतौर प्रवक्ता कार्यरत हैं। इनके मनोनयन पर तमाम सपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए सोमवार को बालसन पार्क में फूल मालाओं से लाद कर अभिनन्दन किया है। स्वागत करने वालों में डॉ सुरेश यादव, महानगर उपाध्यक्ष दिनेश यादव, संतलाल वर्मा, सचिन श्रीवास्तव, संतोष यादव, रविन्द्र यादव, कुशल सिंह पटेल, नवीन यादव, विनोद यादव, अर्जुन यादव, जितेंद्र यादव, दीपक दुबे, अखिलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## इविवि: मेडल प्राप्त बच्चों ने सपने संजोए, बताया अपना लक्ष्य



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में सफेद ड्रेस में सभी बच्चे मेडल प्राप्त कर काफी प्रसन्न नजर आए। मेडल प्राप्त करने के उपरान्त कुछ छात्रों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए मीडिया से अपने उद्देश्यों को भी बताया। इस अवसर पर चांसलर गोल्ड मेडल प्राप्त शिवणेकर रेवती विजय ने बताया कि वह महाराष्ट्र (पुणे) की मूल निवासी हैं। पिता विजय शिवणेकर बिजनेसमैन हैं और मां वंदना रिसर्चर हैं। कानपुर से पीएचडी कर रही शिवणेकर रेवती विजय उच्च शिक्षा में अपना कॅरियर बनाना चाहती हैं। इसी प्रकार चांसलर सिल्वर मेडल प्राप्त श्रेया अग्रवाल ने बताया कि वह प्रयागराज के जानसेनगंज की निवासी हैं। पिता अमित अग्रवाल बिजनेसमैन हैं और मां संध्या अग्रवाल गृहणी हैं। वर्तमान में पीएचडी कर रही श्रेया का कहना है कि माता-पिता एवं गुरूजनों के आशीर्वाद से वह शिक्षा जगत में अपना कॅरियर बनाना चाहती हैं।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत अपर जिलाधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

## मतदान केंद्रों के निरीक्षण में बीएलओ और पदाभिहित अधिकारी रहे अनुपस्थित, स्पष्टीकरण का दिया निर्देश



**प्रतापगढ़, (संवाददाता)।** आगामी विधानसभा निर्वाचन-2022 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के विशेष अभियान के तहत अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुनील कुमार शुक्ला द्वारा मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण किया गया। अपर जिलाधिकारी ने लगभग एक दर्जन से अधिक प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिनमें अधिकांश विद्यालयों में कर्मचारियों की अनुपस्थिति देखकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। और भविष्य में ऐसी त्रुटि न होने की सख्त चेतावनी भी दी है। अपर जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मतदान केंद्रों पर अनुपस्थित बीएलओ पदाभिहित अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि जो युवा 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं वह भी अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करायें तथा आगामी विधानसभा निर्वाचन एवं आगे आने वाले सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। उन्होने कहा कि मतदाता निर्वाचक नामावली में नाम को सम्मिलित करने के लिये फार्म-6, किसी प्रवासी निर्वाचक द्वारा निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के लिये फार्म-6ए, निर्वाचक नामावली से नाम विलोपित कराने के लिये फार्म-7, निर्वाचक नामावली में प्रविष्टियों की शुद्धि के लिये फार्म-8 तथा एक निर्वाचन क्षेत्र में निवास स्थान को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित कराने के लिये फार्म-8ए भरकर सम्बन्धित पोलिंग बूथ के बूथ लेवल अधिकारी, मतदाता पंजीकरण केन्द्र, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। अपर जिलाधिकारी ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज करायें तथा आगे आने वाले निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## ताला तोड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चोरी

**कड़ा, कौशाम्बी, (संवाददाता)।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के अलीपुरजीता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार की रात चोरों ने गेट का ताला तोड़कर कमरे में लगा नलकूप का स्टार्टर सहित अन्य सामान उठा ले गए घटना की तहरीर चिकित्सा प्रभारी ने पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। विकास खण्ड कड़ा के अलीपुरजीता में स्थित पीएचसी की रखवाली के लिये पवन मौर्य की तैनाती की गई है रविवार की शाम अस्पताल बंद करके घर चला गया । इस दौरान रात के समय आज चोरों ने गेट का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो तीन कमरों मे लगे तालों को तोड़ कर नलकूप का स्टार्टर, केबल, विद्युत वायरिंग सहित अन्य सामान उठा ले गए सुबह चौकीदार ने अस्पताल पहुंचकर देखा तो मामले की जानकारी चिकित्साधिकारी को दी जिसके बाद डॉक्टर ने मामले की तहरीर कड़ा धाम पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

# सांसद खेल स्पर्धा की मुख्य विकास अधिकारी ने की समीक्षा



**प्रतापगढ़, संवाददाता।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में सांसद खेल स्पर्धा की समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रतिभागियों का पंजीकरण सभी विकास खण्डों में 12 नवम्बर तक किया जाये जिसमें बालक एवं बालिका खेल स्पर्धा में भाग लेगें। विकास खण्ड में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी एवं नेहरू युवा केन्द्र के सेवा कर्मी बालिक एवं बालिकाओं का रजिस्टेऊशन करायेगें। उन्होने कहा कि खिलाड़ियों के अधिकतम प्रतिभाग के लिये जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी अपनी ग्राम स्तरीय इकाई तक प्रचार प्रसार कराने का दायित्व निर्वहन करेगें। उन्होने बताया कि 20, 21, 22 एवं 23 नवम्बर को ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन के उपरान्त उसमें सफल प्रतिभागियों को जनपद स्तर पर स्टेडियम में 25 एवं 26 नवम्बर को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि एथलेटिक्स, कुश्ती के अलावा कबड्डी और वालीबाल की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र का वितरण सांसद प्रतापगढ़ द्वारा किया जायेगा। उन्होने कहा कि निर्धारित ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा स्थल के लिये मैदान की साफ-सफाई की व्यवस्था जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा निर्धारित तिथि से दो दिवस पूर्व ही सुनिश्चित करा ली जायेगी। सांसद प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि प्रतिभागियों को टी-शर्ट और प्रमाण पत्र सांसद प्रतापगढ़ द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। बैठम में निर्णय लिया गया कि ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन विकास खण्ड लक्ष्मणपुर के गजाधर सिंह इण्टरमीडिएट कालेज लक्ष्मणपुर, सण्ड़वा चन्द्रिका के शीतला प्रसाद इण्टर कालेज गड़वारा, सदर के एटीएल ग्राउण्ड प्रतापगढ़, शिवगढ़ के स्वामी करपात्री इण्टर कालेज रानीगंज, पट्टी के रामराज इण्टर कालेज पट्टी, आसपुर देवसरा के एस0आर0एन0 कान्वेन्ट स्कूल आसपुर देवसरा, मंगरौरा के बृजेन्द्रमणि इण्टर कालेज कोहड़ौर, सांगीपुर के राजाराम किसान इण्टर कालेज डभियार सांगीपुर, लालगंज के पं0 राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज लालगंज, गौरा के राकेश दत्त ल0मा0 विद्यालय गौरा, बाबा बेलखरनाथधाम के रानी राजेश्वरी इण्टर कालेज दिलीपपुर, मानधाता के अमर जनता इण्टर कालेज कटरा गुलाब सिंह में तथा रामपुर संग्रामगढ़ के निर्धारित स्थल पर किया जायेगा।

## सपा की पूर्व प्रदेश सचिव व अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य का सपाईयो ने किया स्वागत



**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** समाजवादी पार्टी की पूर्व प्रदेश सचिव व अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य का मंझनपुर स्थित सपा पार्टी कार्यालय में सपाईयो ने किया गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत । मंझनपुर स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय में समाजवादी पार्टी की पूर्व प्रदेश सचिव व अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य नीलम रुमीला के जनपद आगमन पर रविवार को सपा जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कासिम हुसैन की अगुवाई में सपाइयो ने गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में दयाशंकर यादव, कासिम हुसैन, हाजी अवैष, रामकरन पांडेय, शबी हैदर मीनू, वीरेंद्र कुमार उर्फ विक्की साहू, विभा यादव, एनुल हसन, परवेज अहमद उर्फ गुड्डू, भैयालाल पाल, चन्दन यादव, आफताब शेख, सूफियान, खालिद, तारिक, जेके यादव सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

## रामलीला के दूसरे दिन श्रीराम व रावण जन्म के साथ मनु शतरूपा का हुआ मंचन

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** नगर पंचायत सिराथू मे चल रहे रामलीला के कार्यक्रम के दूसरे दिन रामलीला का मंचन कर रहे कलाकारों द्वारा श्रीराम जन्म, रावण जन्म व मनु सतरूपा संवाद का मंचन किया गया । सिराथू कस्बे में रामलीला के दूसरे दिन मनु व सतरूपा ने एक पैर पर खड़े होकर हजारों वर्ष तक तपस्या किया। उनके मन के इच्छाओं की पूर्ति के लिए आकाशवाणी हुई। नारायण ने मनु सतरूपा से वर मांगने को कहा, तब मनु ने देखा कि नारायण प्रकट होकर वर देने की बात कह रहे हैं। मनु-सतरूपा ने कहा प्रभु कुछ देना ही चाहते हैं तो मुझे मोक्ष नहीं चाहिए। स्वयं आप ही पुत्र के रूप मे प्राप्त हो जाइए। भगवान ने मनु सतरूपा को वरदान दिया और कहा समस्त भूमण्डल पर धर्म की रक्षा के लिए त्रेता युग में अवतार लूंगा। मनु सतरूपा के दिए गए वरदान को पूर्ण करने के लिए प्रभु श्रीहरि विष्णु ने स्वयं त्रेतायुग मे अयोध्या के चक्रवर्ती सम्राट दशरथ एवं कौशल्या के पुत्र श्रीराम के रूप जन्म लिया।

## रुई के गोदाम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का माल जलकर राख

**रायबरेली, संवाददाता।** नगर के जहानाबाद में सोमवार की दोपहर शार्ट सर्किट से रूई के गोदाम में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। हादसे में करीब 12 लाख की रूई जलने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जहानाबाद निवासी इरशाद अहमद के के गोदाम में दोपहर करीब 12 बजे आग लग गई। आग की लपटों से कुछ ही देर में पूरा गोदाम घिर गया। मौके पर पहले पुलिस और भी अग्निशमन दस्ता पहुँचा। स्थानीय लोग भी मदद के लिए आगे आये। आग बुझाने में करीब एक घंटे लग गए। गनीमत रही कि कोई जनहानि नही हुई। आसपास की दुकानों में भी कोई नुकसान नहीं हुआ। गोदाम मालिक ने बताया कि शार्ट सर्किट से आग लगी है। करीब 12 लाख का माल जल गया है। कोतवाल अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जांच कराई जा रही है कि गोदाम में आग से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम थे या नही।

# समाधान दिवस में 104 शिकायतों में 9 मामलों का निस्तारण

## डीएम एसपी ने सुनी शिकायतें

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** सिराथू तहसील सभागार में जिलाधिकारी कौशाम्बी सुजीत कुमार की अध्यक्षता मे सोमवार को आयोजित हुए जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे लोगों ने राजस्व, पेयजल ,आवास व पुलिस विभाग से संबंधित 104 शिकायतें दर्ज कराई । जिसमें 9 शिकायतो का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया बाकी शिकायतों को विभागवार जांच के लिए भेजा गया है। जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो इसके लिये शासन के निर्देश पर तहसील मुख्यालयों में समाधान दिवस का आयोजन कर पहुंचे लोगों की अधिकारी समस्या के निस्तारण के लिए सोमवार को सिराथू तहसील सभागार में जिला अधिकारी सुजीत कुमार व पुलिस अधीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा की मौजूदगी में हुई जनसुनवाई में नगर पंचायत सिराथू के मो शमी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि धाता रोड मे उसकी इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। उसके सामने कस्बे का ही एक दबंग पान की गोमती रख कर रास्ता अवरूद्ध कर दिया है विरोध करने पर गाली गलौज व मारपीट करने की धमकी दे रहा है। चक सैनी गांव के प्रभात नारायण ने दबंगों द्वारा भूमिधरी पर जबरन कब्जा किए जाने की शिकायत की है। बरीपुर गांव के बाबूलाल ने नलकूप में सिंचाई के लिए रखे पाइप चोरी होने की शिकायत की है। शमशाबाद के रजनीश सोनकर ने बताया कि जर्जर कच्चा घर होने के बाद भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। पंइसा गांव की धूरपति ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मोहल्ले में लगा हैंड पंप साल बाद से खराब पड़ा हुआ है जिसकी वजह से पेयजल की समस्या बनी हुई है । उदिहिंन बुजुर्ग के ग्राम प्रधान दशरथ लाल दिवाकर ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण करने की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मौके पर मौजूद अधिकारियों द्वारा 9 शिकायतों का निस्तारण कराने के बाद बाकी प्रार्थना पत्रों का मौके पर जाकर भौतिक निरीक्षण कर समय रहते निस्तारित कराने को कहा है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सिराथू विनय कुमार गुप्ता,तहसीलदार संतोष कुमार, डीएफओ आरएस यादव, सीवीओ बीपी पाठक, नायब तहसीलदार अंकिता पाठक, रेंजर अजय श्रीवास्तव, ईओ अजुहा सूर्यप्रकाश गुप्ता, ईओ सिराथू अनिल कुमार मौर्य, एडीओ पंचायत सिराथू नवनीत भारतीय व एडीओ पंचायत रामसिंह यादव सहित जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## हनुमान इंटर कालेज में निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जगरूकता रैली निकालकर लोगो को प्रेरित किया गया। सिराथू तहसील क्षेत्र के अजुहा कस्बे में स्थित श्री हनुमान इंटर कालेज में छात्रों द्वारा रविवार को मतदाता जागरूकता निकाली गई इस दौरान छात्रों द्वारा हांथों मे तख्तिया लेकर नगर मे मतदाताओं को मतदान के अधिकार के महत्व से अवगत कराते हुए नारों के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान रैली मे विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री यतीन्द्र सिंह, प्रेम प्रकाश शर्मा, राजेश पांडेय, शशि कुमार, आलोक शुक्ला, धीरज कुमार मिश्र, अखिलेश कुमार, बीरेन्द्र सिंह, कमल कुमार तिवारी आदि अध्यापकों सहित तमाम छात्र उपस्थित रहे।

# बस स्टैंड के निर्माण में हो रहा दोयम दर्जे की ईंट का इस्तेमाल

❑ डीएम ने दो कोर्ट रूम, आवासों का भी किया निरीक्षण
❑ निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

**बांदा, (संवाददाता)।** जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने तहसील बबेरू में न्यायालय में बन रहे दो कोर्ट रूम और टाइप 5 के दो आवासों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इसके साथ ही निर्माणाधीन बस स्टैण्ड एवं राजकीय हाईस्कूल आहार के निर्माण कार्यो को देखा। अहार गांव में गौशाला का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकरी पटेल ने न्यायालय के प्रशासनिक भवन की बीम में हनीकांम्बिंग पाई इर्ग। इसके अलावा साइड में मिट्टी डलवाने का कार्य अधूरा पाया गया। उन्होंने परियोजना प्रबन्धक, यूपीपीसीएल को निर्देश दिये कि अधिक से अधिक लेवर लगाकर निर्माणाधीन कार्य को युद्ध स्तर पर पूर्ण कराया जाए। निर्माणाधीन बस स्टैण्ड के निरीक्षण के दौरान ईट दोयम दर्जे की प्रयोग में लायी जा रही थी, अधिशाषी अभियंता यूपी सीडिको को निर्देश दिये कि तत्काल अव्वल दर्जे की ईट प्रयोग में लायी जाए। उन्होंने कठोर चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में इस तरह की अनियमितता पायी जाती है तो शासन को पत्राचार किया जायेगा। आहार में निर्माणाधीन राजकीय हाई स्कूल के निरीक्षण के दौरान बीम तथा छत दोनों में हनीकांम्बिग पाई गई जो लोहे की छड़ दिख रही थी। जिलाधिकारी के द्वारा सभी कार्यो की तकनीकी जांच कराई जायेगी और अधिशाषी अभियंता यूपीपीसीएल के विरुद्ध शासन को पत्राचार कर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी श्री पटेल ने गौशाला के निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी एवं सचिव को निर्देश दिये कि चारे, भूसे एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा ठंड से बचाव के लिए अस्थायी रूप में तिरपाल लगवाई जाए, जिससे गोवंशों को ठण्ड से बचाया जा सके। सभी गौवंशों की ईयर टैगिंग करवाया जाना सनिश्चित किया जाए।

# रात्रि जागरण कार्यक्रम के बाद मां काली की मूर्ति का हुआ विसर्जन

**✓ कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम किए प्रस्तुत ✓ विसर्जन यात्रा में जमकर थिरके मां काली के भक्त**

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** शहर के रेल बाजार बाल्मीकि बस्ती में दीपावली के दिन स्थापित हुई मां काली की मूर्ति की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात रविवार की रात जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। जिसे देखकर श्रद्धालुओं ने मां काली के जयकारे लगाए। सोमवार को मां काली की मूर्ति का विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा में मां काली के भक्त जमकर थिरके। भिटौरा घाट में विसर्जन किया गया। रेल बाजार बाल्मीकि बस्ती में मां काली की मूर्ति दीपावली के दिन स्थापित की गई थी। सुबह व शाम भक्तों ने मां काली की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। दोनों पहर प्रसाद का भी वितरण हुआ। तत्पश्चात रविवार की रात जागरण कार्यक्रम का


विसर्जन से पहले मां काली की पूजा-अर्चना करते भक्त

आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उपस्थित लोगों ने मां काली के जयकारे लगाए। जयकारों से समूचा वातावरण गुंजाएमान हो गया। जागरण कार्यक्रम देर रात तक चला। तत्पश्चात सोमवार को मां काली की मूर्ति का विसर्जन की तैयारियां की गई। विसर्जन यात्रा ढोल-ताशों के बीच निकली। जिसमें महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। भक्ति धुन के बीच महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। तत्पश्चात विसर्जन यात्रा भिटौरा घाट पहुंची जहां मां काली की मूर्ति का विसर्जन विधि-विधानपूर्वक किया गया। इस मौके पर विजय माकन, मनोज कुमार, प्रियांश माकन, अंशू माकन, आदित्य माकन, सुमित चौधरी, कृष्णा, योगेन्द्र माकन, आयूष, आकाश, अमन, अंकुश, राकेश राही, विकास राही, किशन हेला, रवी पाटिल, सत्यम भी शामिल रहे।

## किसान महापंचायत की तैयारियों पर की चर्चा

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** आगामी बाइस नवंबर को लखनऊ में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले होने वाली किसान महापंचायत की तैयारियों को लेकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने बैठक कर चर्चा की। बैठक में व्यापक प्रचार-प्रसार करने व जिले से अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ जाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता का. आलोक गुप्ता ने की। जनपद में किसानों की बुनियादी समस्याओं आवारा पशु, खाद की किल्लत एवं कालाबाजारी, धान खरीद केन्द्रों की गड़बड़ियां, प्राकृतिक आपदा से तबाह हुई धान, प्याज आदि फसल के उचित मुआवजा आदि पर भी चर्चा की गई।

## हितलाभ वितरण कार्यक्रम ग्यारह को

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार ने बताया कि 11 नवंबर को ठाकुर युगराज सिंह महाविद्यालय शांतीनगर के प्रांगण में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत हितलाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम, सेवायोजना एवं समवन्य मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य शिरकत करेंगे। वह जनपद के पंजीकृत श्रमिकों के पुत्र/पुत्रियों को संत रविदास शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित करने हेतु लगभग 1400 साइकिलों का वितरण करेंगे। इसके साथ ही श्रम विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के अंतर्गत लगभग 6000 पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को लाभान्वित किया जाएगा। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर ई-श्रम कार्ड बनाने हेतु कैंप का भी आयोजन किया गया है। इस कैंप में जनपद के ठेले वाले, रिक्शा चालक, लोहार, ट्यूटर इत्यादि असंगठित क्षेत्र में कार्यरत समस्त श्रमिक उपस्थित होकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

# संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में इक्कीस शिकायतों का निस्तारण

**अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारणः डीएम**

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन बिंदकी तहसील सभागार में किया गया। जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। 138 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किए गए। जिसमें महज इक्कीस शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया। डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करें।

तहसील दिवस को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने जरूरत के हिसाब से मौके पर जाकर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि आवास, नाली, आस्थाई कब्जों, भूमि आदि से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए


फरियादियों की समस्याएं सुनतीं डीएम व साथ में एसपी

राजस्व कर्मी व पुलिस बल की टीम बनाकर मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण कराकर अवगत भी कराएं।

लंबित शिकायतों का निस्तारण ससमय किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करें। पिछले सम्पूर्ण समाधान दिवस की जन समस्याओं के निस्तारण संबंधित रजिस्टार को चेक किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही तय की जाए। पिछले तीन महीने के शिकायती पत्रों की पत्रावली विभागीय अधिकारियों को संपूर्ण समाधान दिवस में लाने के निर्देश दिये। इस मौके पर आईएएस निधि बंसल, नवनीत सेहरा, उप जिलाधिकारी बिंदकी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदेश सचिव ने घायल पदाधिकारी का अस्पताल पहुंच जाना हाल

**हमलवारों पर कार्रवाई किए जाने की उठाई मांग**



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के देवरी मोड के निकट घर जाते समय घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने यादव महासभा के जिला सचिव परीक्षित यादव पर जानलेवा हमला कर दिया था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। सोमवार को यादव महासभा के प्रदेश सचिव जगनायक सिंह यादव ने अस्पताल पहुंचकर घायल का हाल-चाल जाना। उन्होने हमलावरों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग भी उठाई। यादव महासभा के प्रदेश सचिव जगनायक सिंह यादव अपने समर्थकों संग जिला चिकित्सालय पहुंचे। जहां वार्ड में भर्ती घायल पदाधिकारी परीक्षित यादव से मुलाकात कर घटना के बाबत जानकारी हासिल की। प्रदेश सचिव ने कहा कि संगठन के जिला सचिव परीक्षित यादव को घर जाते समय देवरी मोड़ के पास अज्ञात हमलावरों ने निशाना बनाया है। तमंचे की बटों से प्रहार व चाकुओं से हमला कर जान लेने की कोशिश की। उंन्होने घायल को बेहतर इलाज उपलब्ध कराए जाने व दोषी हमलावरों पर उचित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग किया।

## प्रशिक्षण में किसानों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर की उपयोगिता बताई

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजन के अन्तर्गत एक दिवसीय 50 कृषकों के प्रशिक्षण का आयोजन सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र थरियांव में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता में जिला उद्यान अधिकारी राम सिंह यादव ने की। जिला उद्यान अधिकारी ने कृषकों को विभाग की संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई पर ड्रॉप-मोर-क्रॉप (माइक्रोइरीगेशन) योजनातर्गत ड्रिप, स्प्रिंकलर, रेनगन, मिनी स्प्रिंकलर, माइक्रो स्प्रिंकलर एवं सेमी परमानेंट सिंचाई पद्धति की नवीनतम तकनीकी से खेती करने की जानकारी दी। योजना प्रभारी जैनेन्द्र कुमार ने कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि ड्रिप, स्प्रिंकलर, रेनगन, माइक्रो स्प्रिंकलर एवं सेमी परमानेंट पद्धति से सिंचाई करने से फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादकता दोनों में बढ़ोत्तरी होती है। खरपतवार में कमी आती है। डा0 जगदीश किशोर वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र ने फसलों में लगने वाले रोगों में किस प्रकार से कीटनाशक का प्रयोग किया जाये जिसको उनके द्वारा विस्तार से बताया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ0 अलका कटियार ने फल एवं सब्जी संरक्षित करने हेतु नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराई। कार्य प्रभारी शब्बीर हुसैन ने पानी की दिन प्रतिदिन समस्या को देखते हुए ड्रिप एवं स्प्रिंकलर की उपयोगिता के संबंध में विस्तार से बताया।

## खाद की किल्लत के चलते किसान परेशान

**कानपुर, संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारियों की लाख कवायद के बावजूद खाद की किल्लत से किसानों को जूझना पड़ रहा है। खाद की मारामारी के चलते किसान परेशान दिखाई दे रहे हैं, तो वही सूबे की योगी सरकार ने खाद की किल्लत को देखते हुए किसानों को सहकारी समितियों में खाद मुहैया कराने के लिए प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं। ऐसे में सहकारी समितियों में खाद न मिलने की वजह से किसानों को प्राइवेट दुकानों पर सहारा लेना पड़ रहा है। जहां किसानों को खाद लेने के लिए घंटों लाइन में लग कर परेशान होना पड़ रहा है। ऐसा ही नजारा कानपुर देहात के रसूलाबाद में देखने को मिला। जहां डीएपी खाद लेने के लिए किसानों को प्राइवेट दुकानो का सहारा लेना पड़ा रहा है।आलम यह हैं कि खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों को खाद लेने के लिए प्राइवेट दुकाने पर घण्टो लाइन में खड़े होकर परेशान होना पड़ रहा हैं। कस्बा स्थित ई- इफ्को ई बाजार के नाम से संचालित खाद की दुकान पर भारी संख्या में किसानों की भीड़ लगी दिखाई दी।सरकार किसानों को खाद मुहैया कराने के दावे कर रही है।

# किसानों, मजदूरों व व्यापारियों की बीजेपी सरकार ने तोड़ी कमरः विशंभर

**सपा के दीपावली मिलन समारोह एवं बुंदेलखंडी देवारी नृत्य कार्यक्रम में उमड़ी भीड़**

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** समाजवादी पार्टी की ओर से अयाह-शाह विधानसभा क्षेत्र के बंगेरन डेरा मजरे कोर्राकनक में दीपावली मिलन समारोह एवं बुंदेलखंडी देवारी नृत्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने शिरकत करके एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद विशंभर प्रसाद निषाद ने बीजेपी सरकार पर हमला बोला। उन्होने कहा कि किसानों, मजदूरों व व्यापारियों की सरकार ने कमर तोड़ दी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने की। संचालन जिला महासचिव डीजी कुशवाहा ने किया। समारोह में उपस्थित लोगों ने व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए एक-दूसरे को दीपावली पर्व की बधाई दी। उधर बुंदेलखंडी देवारी नृत्य कार्यक्रम में कलाकारों ने उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया।


दीपावली मिलन समारोह में मंचासीन अतिथि व सपा जिलाध्यक्ष

समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद विशंभर प्रसाद निषाद ने कहा कि बीजेपी सरकार ने किसानों, मजदूरों, व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। महंगाई से जनता परेशान है। उन्होने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंके और प्रदेश में दोबारा सपा सरकार बनाकर विकास की गंगा बहाने का काम करें। जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर प्रदेशवासियों को तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी। अन्ना पशुओं से छुटकारा मिलेगा। इस मौके पर राजेंद्र निषाद, अशोक सिंह, अमित मौर्य, अखिलेश सविता, प्रदीप सोनकर, किरण निषाद, सुखराज निषाद, रामबाबू निषाद, जियालाल निषाद, मुकेश निषाद, पप्पू निषाद, मोहन निषाद, प्रकाश सिंह, सुधीर यादव, दीपक यादव, गोलू भोजवाल, श्रीकांत भोजवाल, रामबहादुर निषाद, शिवप्रसाद निषाद, धीरेंद्र निषाद, मिश्रीलाल निषाद, वैभव सिंह, हरेंद्र निषाद, फुकरुद्दीन अली, राजेश यादव, सोनू लोधी, अर्जुन निषाद, शिमला, सरोज, ब्रजेश निषाद, पंकज निषाद, अंकुल यादव, रामराज निषाद, राजेश निषाद भी मौजूद रहे।

## जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी 136 शिकायतों में चार का मौके पर हुआ निस्तारण

**कानपुर, संवाददाता।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील डेरापुर में किया गया। इस सम्पूर्ण समाधान दिवस में सर्वप्रथम विद्युत विभाग द्वारा गलत शिकायत के निस्तारण पर अधिशासी अभियंता रनिया को जिलाधिकारी ने फटकार लगाते हुए कहा की मौके पर जाकर 2 बजे तक शिकायत का निस्तारण करें। इसी कड़ी में इदरूख निवासी आदित्य कुमार अवस्थी ने बताया कि 2019 से बंटवारे की जमीन की पैमाइश को लेकर तहसील के चक्कर काट रहे है, कई बार प्रार्थना पत्र भी दिया किंतु कानूनगो सुभाष चंद्र द्वारा 7000 रुपए नकद घूस के तौर पर लिए जाने के बावजूद अभी तक समस्या का निस्तारण नहीं हो सका, इस मामले में जिलाधिकारी ने कानूनगो सुभाष चंद्र पर निलंबन की कार्रवाई के साथ अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिए। जबकि कई मामलों में जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

# मांगों को लेकर मीटर रीडरों ने अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** मीटर रीडरों को कार्य के अनुरूप वेतन न दिए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले मीटर रीडरों ने हाइडिल कालोनी में धरना दिया। तत्पश्चात अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपकर सभी मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई।

उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप की अगुवाई में मीटर रीडरों ने हाइडिल कालोनी में मांगो को लेकर धरना दिया। धरने में वक्ताओं ने कहा कि काफी समय से मांगों को लेकर आवाज उठाई जा रही है लेकिन शासन द्वारा उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। धरने के पश्चात छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अधीक्षण अभियंता को सौंपकर प्रति बिल दस रूपए दिए जाने, प्रत्येक मीटर रीडर को बारह सौ से


हाइडिल कालोनी में धरना देते मीटर रीडर

अधिक का टारगेट न दिए जाने, नई कम्पनी में नियुक्ति के लिए कम्पनी खुद से प्रति रीडरों को मोबाइल, प्रिंटर, पोब आदि उपलब्ध कराए जाने, मीटर रीडिंग हेतु पेट्रोलिंग खर्च का वहन एवं मोबाइल डेटा का खर्च कम्पनी द्वारा दिए जाने, वेतन विसंगति को दूर किए जाने व प्रतिमाह एक से सात तारीख तक वेतन हर हाल में भुगतान किए जाने के अलावा कम्पनी द्वारा कलेक्शन का कार्य मीटर रीडर द्वारा न कराए जाने की मांग की। कहा कि वर्तमान समय में जब तक समान कार्य का समान वेतन सरकार द्वारा निर्धारित नहीं किया जाता तब तक सभी मीटर रीडर मांगों के अनुरूप बिलिंग बेस पर कार्य करेंगे। इस मौके पर अनुराग अग्रहरि, संतराम सोनी, वीरेंद्र उत्तम, योगेंद्र मौर्य, उदय तिवारी भी मौजूद रहे।

## जल निगम के विभाजन से थमी जल जीवन मिशन योजना

**रायबरेली, संवाददाता।** जिले के ग्रामीण अंचलों में लोगों को दूषित पानी से निजात दिलाने के लिए केंद्र सरकार की ओर शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना की रफ्तार थम गई है। इसकी मुख्य वजह जल निगम का विभाजन है। जिस खंड को योजना का संचालन करना है कि उस खंड के पास अभी तक पर्याप्त स्टॉप नहीं है। यही नहीं कोई दफ्तर भी नहीं खुल सका है। इस वजह से काम ठप है। 110 स्थानों पर नई पानी की टंकियों का निर्माण होना है, जिसमें में महज तीन टंकियों का निर्माण पूरा हो पाया है। जिले में 989 ग्राम पंचायतें हैं। इसकी आबादी करीब 29 लाख है। गांव के लोग हैंडपंप और कुओं का पानी पीते हैं। पेयजल समस्या और शुद्ध पानी लोगों तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन योजना शुरू की है। योजना के तहत हर घर तक पाइप लाइन बिछाकर पानी की सप्लाई दी जानी है। अभी तक जल निगम के पास शहर में सीवर लाइन बिछाने के साथ ग्रामीण अंचलों में जल जीवन मिशन योजना के तहत काम कराने की जिम्मेदारी थी।

# चोरी के मोबाइल व सामान के साथ महिला समेत चार गिरफ्तार

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** दीपावली पर्व पर घूम-घूमकर मोबाइल व अन्य सामान चुराकर पुलिस की नाक में दम किए गिरोह का आखिरकार पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। मुखबिर की सूचना पर शहर क्षेत्र के तपस्वी नगर गौशाला रोड बाग में छापेमारी करके पुलिस ने तीन महिलाओं समेत चार लोगों को चोरी के मोबाइल व सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया।


पुलिस टीम की गिरफ्त में पकड़े गए चोर

सदर कोतवाली के उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह व उपनिरीक्षक अजीत कुमार सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दिया कि तपस्वी नगर गौशाला रोड बाग में कुछ महिलाएं चोरी का मोबाइल बेंच रही हैं। इन लोगों ने दीपावली के त्योहार पर बाजार में घूम-घूमकर मोबाइल व बर्तन चोरी किए हैं।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तीन महिलाओं समेत चार लोगों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी गई महिलाओं ने अपने नाम बरेनी बाई पत्नी स्व. हिलोदालाल, उशीना पत्नी राकेश आदिवासी, लिल्या बाई पत्नी इसानसी व नसीब पुत्र राकेश आदिवासी निवासीगण सिग्हेपुर थाना महरौनी जनपद ललितपुर बताया। पकड़े गए गिरोह के पास से पुलिस ने एक मोबाइल फोन रेडमी, एक कीपैड मोबाइल, एक स्टील की बाल्टी, एक एल्युमीनियम कढ़ाई, दो स्टील के लोटा, दो स्टील के गिलास, एक स्टील का टिफिन व दो कांसे की थाली बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने संसुगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षकों के अलावा हेड कांस्टेबल श्यामसूरत यादव, सुनील कुमार यादव, कांस्टेबल विकास कुमार, दीपक कुमार, महिला कांस्टेबल सुमित्रा पटेल शामिल रहीं।

# विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में जुटे सपाई

**कुर्मी क्षत्रिय सभा के जिलाध्यक्ष ने कई गांवों का भ्रमण कर भरवाए फार्म**


नए मतदाताओं के बीच फार्म का वितरण करते सपाई

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में चल रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान को गति देने के लिए जिले के सपाई जी-जान से जुटे हुए हैं। सपा के भावी प्रत्याशी एवं कुर्मी क्षत्रिय सभा व सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धर्मपाल पटेल ने अपने समर्थकों के साथ कई गांवों का भ्रमण कर छूटे हुए व नए मतदाताओं के बीच फार्म का वितरण किया। सपा जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव के दिशा-निर्देशों पर अमल करते हुए जिले के सपाई मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में जुटे हैं। गांव-गांव जाकर सपा की नीतियों को बताकर नए व छूटे हुए मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाया जा रहा है। सोमवार को कुर्मी क्षत्रिय सभा व सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धर्मपाल पटेल ने बिंदकी विधानसभा के कई बूथों का निरीक्षण कर छूटे एवं नए मतदाताओं के नाम बढ़वाने के लिए फार्म-6 उपलब्ध कराने का काम किया। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी ही प्रदेश को विकास की ओर ले जा सकती है। इसलिए अधिक से अधिक मतदाता बनकर आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में अपना वोट करें। इस मौके पर अनूप पटेल, नीरज सिंह, बब्लू पटेल, कमल कुमार, अमन श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

## आवश्यकतानुसार ही उर्वरकों का क्रय करें किसान

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** जिला कृषि अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि जनपद में रबी 2021-22 में माह नवंबर तक वितरण हेतु यूरिया 24577 मेट्रिक टन, डीएपी 19622 मीट्रिक टन, एनपीके 1350 मीट्रिक टन, एमओपी 800 मीट्रिक टन एवं एसएसपी 250 मेट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित है। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक यूरिया 17725 मेट्रिक टन, डीएपी 12087 मीट्रिक टन, एनपीके 2766 मेट्रिक टन, एमओपी 1402 मीट्रिक टन एवं एसएसपी 2838 मैट्रिक टन स्टाक प्राप्त हो चुका है। जिसका वितरण निजी एवं सरकारी बिक्री केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। जनपद को लगातार उर्वरकों का स्टॉक प्राप्त हो रहा है। आज सांय तक 2225 मीट्रिक टन डीएपी एवं 440 मीट्रिक टन एनपीके इफको उर्वरक की एक रैक जनपद को प्राप्त हो जाएगी। स्टॉक का प्रेषण कल (आज) प्रातः से ही बिक्री केंद्रों पर प्रारंभ हो जाएगा। जनपद में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। किसानों से अपील है कि आवश्यकतानुसार ही उर्वरकों का क्रय करें। अपनी जोत/कृषि भूमि के आधार पर फसल की संस्तुतियों के अनुरूप ही उर्वरक क्रय करें।

## एसडीएम ने पकड़ी अवैध उर्वरक की बोरिया

**कानपुर, संवाददाता।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में उप जिलाधिकारी सिकन्दरा महेंद्र सिंह के द्वारा मिश्रा ट्रेडर्स पर बड़ी कार्यवाही की गयी। जांच में मिश्रा ट्रेडर्स द्वारा स्टाक रजिस्टर एवं वितरण रजिस्टर प्रस्तुत नही किया गया। उर्वरक प्रतिष्ठान के महेशपुर रोड पर एक मकान को छोडकर दूसरे मकान में जो रामबाबू निषाद पुत्र रामनाथ निवासी महेशपुर का है, डीएपी की 105 बोरी तथा यूरिया की 84 बोरी पायी गयी। जो प्रतिष्ठान के चौहदी के अन्तर्गत नही आता है।जो एक प्रकार का अवैध भण्डारण है। मिश्रा ट्रेटर्स के राजकुमार मिश्रा पुत्र दीपू मिश्रा द्वारा बताया गया कि यह उर्वरक अपने खेत प्रयोग के लिए रखा है। लेकिन उनके द्वारा अपने उपयोग सम्बन्धी किसी प्रकार का कोई अभिलेख प्रस्तुत नही किया गया। इस प्रकार उक्त उर्वरक को अवैध भण्डार मानते हुए तथा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 का उलंघन मानते हुए उक्त परिसर को अग्रिम कार्यवाही हेतु शील कर दिया गया है।

# आवास विकास में सड़क व पार्क निर्माण की डीएम से गुहार


एसडीएम को प्रार्थना पत्र सौंपकर समस्या से अवगत कराते सामाजिक कार्यकर्ता एहसान खान

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** आवास विकास व खलीलनगर मोहल्ले की जर्जर सड़क बनाए जाने व पार्कों के निर्माण के लिए छात्र नेता एहसान खान ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। सोमवार को समाधान दिवस पर सदर तहसील पहुंचे छात्र नेता व सामाजिक कार्यकर्ता एहसान खान ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आवास विकास एवं खलील नगर मोहल्ले की समस्याओं से अवगत कराते हुए आवास विकास में निर्माण व सौंदर्यीकरण की बाट जोह रहे पार्कों का निर्माण कराए जाने की मांग किया।

उंन्होने खलीलनगर मोहल्ले की टूटी हुई सड़कों का निर्माण काराए जाने व मोहल्ले में ही एलटी लाइन के झूलते हुए तारों से हादसे होने की शंका जाहिर करते हुए तारों को कसे जाने व विद्युत पोल लगाए जाने की मांग किया। आवास विकास में मनभावन स्कूल वाली सड़क बनाये जाने के अलावा मोहल्ले की अन्य टूटी व निर्माण कार्य से वंचित सड़के बनवाए जाने, आवास विकास में चिन्हित ग्यारह पार्कों का निर्माण व उनका सौन्दर्यीकरण कराये जाने की मांग किया। साथ ही मच्छरों के प्रकोप से क्षेत्र में होने वाली संक्रमक बीमारियों की रोकथाम के लिये आवास विकास व खलीलनगर मोहल्ले में एंटी लार्वा व कीटनाशक दवाईओं के छिड़काव किए जाने समेत अन्य मागे शामिल रहीं।

## सीसी मार्ग का सदर विधायक ने किया लोकार्पण



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** नवनिर्माण पूर्वांचल निधि जिलांश योजना से निर्मित कराई गई 25 मीटर लम्बी व 6 मीटर चौड़ी सीसी रोड का सदर विधायक विक्रम सिंह ने लोकार्पण कर जनता को समर्पित कर दिया। यह रोड दो लाख सत्तर हजार की लागत से निर्मित हुई है। सदर विधायक विक्रम सिंह का भाजपा नेत्री अर्पणा पाण्डेय ने अपने विष्णु मिथिल कान्वेट स्कूल में स्वागत किया। भाजपा नेत्री अर्पणा पाण्डेय ने आभार जताया किया कि सदर विधायक के प्रयास से इस रोड का नवनिर्माण हो गया है। जिससे अब छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल आने में सुगमता हो गई। बारिश के मौसम में बच्चों को स्कूल आने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। विद्यालय परिवार आपका सदैव आभारी रहेगा। वहीं सड़क लोकार्पण के बाद सदर विधायक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षा को बढावा देने के लिए कई नीतियों से कार्य किए हैं। प्रदेश में हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट में प्रमुख स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को सरकार उनके विद्यालय और घर तक सड़क निर्माण करवाकर, छात्रवृत्ति, स्मार्ट फोन, टैबलेट इत्यादि तोहफे देकर प्रोत्साहित कर रही है। जो सार्वजनिक के साथ-साथ विद्यार्थियों को आगे पढ़ने व बढने में सहायक हो रहे है। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति प्रवीण, बच्चा तिवारी, दयाशंकर गुप्ता, भगत, सुनिधि तिवारी, वंदना द्विवेदी, नीता गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, अभिषेक शुक्ला, प्रसून तिवारी, अंशू सिंह, पंकज राजपूत, रितेश शोल्डी, राजेन्द्र साहू, सुनील मिश्रा भी मौजूद रहे।

# संपादकीय

## ऑनलाइन से ऑफलाइन

करीब पौने दो साल के बाद भविष्य का उजियारा फिर से स्कूल में होने जा रहा है। अंततः हिमाचल मंत्रिमंडल ने काफी चौकसी के बाद यह फैसला लिया है कि आगामी दस नवंबर से तीसरी से सातवीं कक्षा के छात्र स्कूलों में बुला लिए जाएंगे और इस तरह आगामी कदम में पहली से दूसरी कक्षा के नन्हे बच्चे भी अपनी शिक्षा की औपचारिक शुरुआत कर पाएंगे। यानी ऑनलाइन से ऑफलाइन पढ़ाई के सफर में तमाम बाधाओं और विडंबनाओं को त्याग कर नन्हे कदम स्कूल प्रांगण की ओर अग्रसर होंगे। बहुप्रतीक्षित फैसले की राह पर हिमाचल सरकार ने इस तरह अभिभावकों, अध्यापकों और घर में फंसे छोटे-छोटे छात्रों का नसीब जगाया है। हालांकि कोरोना प्रोटोकॉल के तहत स्कूल प्रशासन की जिम्मेदारियां यथावत रहेंगी तथा यह भी सुनिश्चित करना होगा कि अभी खतरा टला नहीं, फिर भी स्कूलों का पूरी तरह खुलना शिक्षा की गिरवी अमानत को लौटाने जैसा है। ऑनलाइन शिक्षा के कवच में भले ही छात्र समूह अपनी चिकित्सा संबंधी चुनौतियों से रूबरू रहे, लेकिन स्कूल से बाहर रहने का यथार्थ उनके व्यक्तित्व, अध्ययन तथा भविष्य के सफर को अवश्य ही पीछे धकेलता रहा। मनोवैज्ञानिक दबाव में पूरा शिक्षा तंत्र, अभिभावक और छात्र रहे हैं, तो इस बुरे वक्त की संगत में शिक्षा की कई कसौटियां डूबीं और मूल्यांकन भी चोट दे गया। बेशक इसी दौरान बच्चे आगे बढ़कर अपने-अपने प्रोफेशन की सीढ़ियों पर पहुंच गए, लेकिन प्रतिस्पर्धा की इस दौड़ में असामान्य रूप से कई छात्रों को करियर हानि मोल लेनी पड़ी। करीब दो साल पहले जिन नन्हे बच्चों ने शिक्षा के प्रारंभिक दौर को घर में कैद होते देखा, उनकी आंखें कैसे खुलेंगी, यह आने वाली चुनौती है। जिन माताओं की गोदी में नर्सरी से लेकर प्राथमिक शिक्षा का उच्चारण हुआ, उन्हें सलाम करना होगा क्योंकि पहली से तीसरी या पांचवीं तक बच्चों को पहली बार गृहिणियों ने सहेज कर रखा और खुद को शिक्षा का पैगंबर बनाया। यह फैसला आर्थिक रूप के अलावा शिक्षा की गुणवत्ता के लिए भी एक आशीर्वाद की तरह है। खास तौर पर निजी स्कूलों का संचालन जिस आधार पर खड़ा था, वह काफी हद तक छिन्न-भिन्न हो चुका है। करीब सत्तर हजार निजी स्कूल अध्यापक, बेहतर शिक्षा के लिए वहां गए छात्र तथा निजी स्कूल के संचालन की लागत का दंश सभी ने झेला है। पूरे स्कूल का खुलना कई लोगों के रोजगार को फिर से स्थापित करने तथा निजी तौर पर हुए नुकसान को समेटने में सहायक होगा। फिर से गांव से शहर तक स्कूली छात्रों पर केंद्रित व्यापार-आर्थिकी तथा रोजगार करवट लेगा। मंत्रिमंडल के अन्य फैसलों का सुखद एहसास करते लक्ष्य चिन्हित हैं और शिक्षा के जरिए कुछ और राजनीतिक लाभ चुनने की वकालत शुरू हुई है। मंडी में कलस्टर यूनिवर्सिटी को राज्य विश्वविद्यालय की शक्ल देने के लिए समिति का गठन, फिर से नई परियोजना में जिला को गूंथने का प्रयास है, तो 21 नवंबर के दिन जनमंच के जरिए सरकार का जलवा दिखाने का संयोग बनाया जा रहा है।

## चीनी चुनौतियों पर धुंधलापन

यदि भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी भारत-चीन तनावों और टकराव पर भी महत्त्वपूर्ण बयान देते, तो उसके फलितार्थ दूरगामी हो सकते थे। भाजपा कार्यकारिणी ने कई राष्ट्रीय मुद्दों पर विमर्श किया और अपनी राजनीतिक सोच स्पष्ट की। सिर्फ सेवा, संकल्प, समर्पण से ही काम नहीं चलता, क्योंकि भाजपा देश पर राज कर रही है। समस्याएं और चुनौतियां राजनीति और चुनावों तक ही सीमित नहीं हैं, देश की संप्रभुता के मद्देनजर रणनीतिक दृष्टि भी धुंधली नहीं होनी चाहिए। लोकतंत्र में निर्णायक फैसले राजनीतिक नेतृत्व ही लेता है। चीन हमारी राजनीतिक सशक्तता को पढ़ता रहा है और फिर उसी के मद्देनजर फैसले लेता है। बेशक हमारी सेनाएं मजबूत हैं और पलटवार की भाषा में जवाब देने में सक्षम हैं, लेकिन रणनीतिक निर्णय तो सरकार को ही लेने हैं, लिहाजा पुराने विवाद और भी पेचीदा होते जा रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश के विवादित इलाके में मुद्दा लंबे समय से उठता रहा है कि वहां चीन लगातार निर्माण-कार्य कर रहा है। देखते ही देखते चीन ने एक गांव वहां बसा दिया। संभव है कि वह चीनी सेना का 'मिलिट्री कैंप' हो! भारत सरकार उस गांव के निर्माण को रोक नहीं सकी और न ही उसके समानांतर वैसा मजबूत ढांचा खड़ा कर सकी। चीन रेल लाइन बिछा रहा है। बंकर भी बना रहा है। सैन्य साजो-सामान भी तैनात कर रहा है। खंडित करना तो बहुत दूर की कौड़ी है, हम चीन की अतिक्रमणवादी रणनीति को रोक भी नहीं पा रहे हैं। क्या चीन हमारी ताकत को समझ गया है? अरुणाचल से लद्दाख तक चीन की मंशा यही है। लद्दाख की वास्तविक नियंत्रण रेखा के भीतर भी चीन ढांचे बनाता रहा है। वह कुछ रणनीतिक तौर पर संवेदनशील बिंदुओं पर भी कब्जे की स्थिति में है। हालात बिल्कुल भी सामान्य नहीं हैं। हम चीन की चौतरफा सैन्य शक्तियों का सही आकलन नहीं कर पा रहे हैं। यदि सरकार और सेनाओं के बीच किसी ठोस, भीतरी रणनीति पर विमर्श जारी है अथवा निर्णय ले लिया गया है, तो बेशक प्रधानमंत्री उसे सार्वजनिक न करें, लेकिन कार्यकारिणी के दौरान चीन पर भी कुछ बोल कर देश को आश्वस्त कर सकते थे। चीन पर हमारी रणनीति को लेकर बहुत धुंधलापन है, लिहाजा अनाप-शनाप सवाल विपक्ष करता रहा है। सवाल आम नागरिक के मन में भी उठते होंगे कि यदि अरुणाचल भारत का अंतरंग हिस्सा है, तो चीन वहां गांव कैसे बसा सकता है? हम प्रतिरोध करने की स्थिति में क्यों नहीं हैं? क्या भारत की कूटनीति और सैन्य शक्ति बयानों में ही ताकतवर है? हमारी हजारों किलोमीटर की भूमि 1959 से ही चीन के कब्जे में है। उस पर सख्त लहजे में बात क्यों नहीं की जा सकती? कितने दौर के सैन्य संवाद होंगे और हालात जस के तस तनावपूर्ण हैं? चीन हमारे क्षेत्रों में अपना विस्तार करता रहा है। लद्दाख में भी चीन हमारी सीमाओं में घुसा है।

# वेटलैंड माफिया के खिलाफ जंग के सूत्रधार

**राजेंद्र राजन**

वे यहां के लोगों की निजी जमीन पर डेरे बनाकर रहते हैं और पशुओं को वेटलैंड में चरने के लिए छोड़ देते हैं। वे माफिया को रिश्वत देते हैं

मैं जब-जब पौंग बांध क्षेत्र में गया हूं यहां नित नई कहानियों की परतें खुलती चली गई हैं। करीब 50 साल पहले विस्थापन के जिस दर्द को यहां के हजारों परिवारों ने झेला है, उसके बेहिसाब शेड्स हैं। ऐसी ही एक कहानी के किरदार ने मुझे विचलित किया जो गत एक दशक से देसी व विदेशी परिंदों, जीव-जंतुओं, जैव विविधता आदि को बचाए रखने की जंग से जूझ रहा है। मिलखी राम शर्मा 2012 में सरकारी सेवा से रिटायर हुए थे। लेकिन इस शख्स ने पौंग डैम क्षेत्र में जिन ज्वलंत मुद्दों को कामयाब तरीके से चर्चा के केंद्र में लाने का प्रयास किया है, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम है। व्यवस्था, प्रशासन, वन विभाग, राजनेताओं से टकराने और मर-मिटने के लिए आमादा मिलखी राम की ऊर्जा व जुनून देखते ही बनते हैं। आखिर क्या है इस नायक को कहानी? 1972 में हिमाचल सरकार ने वाइल्ड लाइफ प्रोटैक्शन एक्ट बनाया था जिसके तहत 1983 में समूचे पौंग बांध क्षेत्र को वाइल्ड लाइफ बर्ड सेंक्चुरी घोषित किया गया था और 1994 में भारत सरकार ने इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का वेटलैंड घोषित किया था। तब से देश-विदेश के पर्यावरण प्रेमियों का ध्यान पौंग डैम क्षेत्र की ओर आकर्षित होने लगा था। यहां साइबेरिया से आने वाले व स्थानीय पक्षियों की 240 से अधिक प्रजातियां हैं। 27 प्रकार की मछलियां हैं, तो 450 प्रजातियां पेड़-पौधों की हैं। लेकिन गत 40 सालों में बायो डाइवर्सिटी को तहस-नहस करने की नामुराद कोशिशों की असंख्य कहानियां भी यहां मौजूद हैं। कोरोना काल में ही 2020 में करीब 3 हजार से ज्यादा विदेशी व देसी पक्षियों का शिकार किया गया। जब मामला मीडिया की सुर्खियां बना तो वाइल्ड लाइफ विभाग ने इसे कथित तौर पर बर्ड फ्लू से जोड़ दिया और शिकारियों को बचने का साफ रास्ता दे दिया।

वेटलैंड माफिया व परिंदों की हत्या में संलिप्त लोगों ने तरीका यह अपनाया कि गेहूं में ज़हर मिलाकर उन खेतों या ज़मीन पर फैंके ताकि उन्हें पक्षी खाकर तड़प-तड़प कर मर जाएं। पक्षियों को मारने की यह विधि कई सालों से चल रही है, लेकिन बीबीएमबी, वन विभाग, पुलिस व प्रशासन आंख मूंदे रहते हैं। व्यवस्था की इसी चुप्पी को तोड़ने और माफिया के खिलाफ जंग छेड़ने का काम मिलखी राम शर्मा कर रहे हैं। पल्ली गांव में जब मेरी उनसे भेंट हुई तो वो फाइलों का पुलिंदा उठा लाए और बताया कि वो किस प्रकार 2017 से 2019 के मध्य वेटलैंड माफिया के विरुद्ध लड़ाई में कामयाब हुए। वन विभाग को बार-बार जगाने हमीरपुर के वाइल्ड लाइफ के डीएफओ ने धमेटा व नगरोटा सूरियां में अपने मातहत अधिकारों को 11 जुलाई 2017 को पत्र लिखकर निर्देश दिए थे कि वेटलैंड में गुज्जरों की आमदो-रफत बंद की जाए। कारण, भैंसों, घोड़ों, बकरियों के खुरों से पक्षियों के अंडे तबाह हो जाते हैं। दूसरे, जमीन के नरम होने से सिल्ट पानी में पहुंच कर डैम की पानी भंडारण क्षमता को लगातार कम कर रही है। डीएफओ के पत्र में कहा गया था कि अप्रैल से जुलाई के मध्य 12,000 से अधिक पशुओं को लेकर गुज्जर यहां प्रवास पर आते हैं। वे यहां के लोगों की निजी जमीन पर डेरे बनाकर रहते हैं और पशुओं को वेटलैंड में चरने के लिए छोड़ देते हैं। 8-12 परिवारों का एक डेरा होता है और उनके पशुओं की संख्या 600 तक रहती है। प्रत्येक परिवार पशुओं के दूध, घी आदि से लाखों की कमाई करते हैं जिसका हिस्सा इन्हें पनाह देने वाले माफिया को पहुंचता है। निजी भूमि वाले इन डेरों का किराया वसूलते हैं।

गुज्जर परिवार खुले में शौच करते हैं और समस्त वेटलैंड को गंदा करते हैं जो 207.59 किलोमीटर के क्षेत्रफल में डैम के घेरे से बाहर फैला हुआ है। मिलखी राम के दखल व संघर्ष से गुज्जरों के प्रवास पर प्रतिबंध लगा। एक और जंग थी करीब 80 किलोमीटर क्षेत्रफल में तथाकथित माफिया किसानों द्वारा बीबीएमबी की ज़मीन पर गेहूं की बिजाई। इसके लिए पंजाब तक से यहां ट्रैक्टर पहुंचते थे। यहां नाजायज खेती की जा रही थी। खाद और कीटनाशक पानी को ज़हरीला बना रहे थे। ट्रैक्टरों से खोदी गई ज़मीन की मिट्टी भी डैम के पानी में जा रही थी जिससे वहां गाद इकट्ठी हो रही थी। ट्रैक्टरों और कार्बाइन हॉरवैस्टर की वजह से पक्षियों के अंडे रौंद दिए जाते थे और अन्य जीव जंतुओं की भी लगातार हत्या हो रही थी। यह सिलसिला कई सालों से जारी था। हिमाचल के



वाइल्ड लाइफ एक्ट के सैक्शन 33 के मुताबिक पौंग वेटलैंड में किसी भी प्रकार की कृषि गतिविधि पर पूर्ण प्रतिबंध है। सितंबर 2020 में विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में सरकार ने स्पष्ट किया था कि पौंग डैम को सेंक्चुरी क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कृषि संबंधी गतिविधि को स्वीकृति नहीं दी जा सकती। 13 जनवरी 2017 को बीबीएमबी के एसडीओ ने वेटलैंड क्षेत्र के सभी पंचायत प्रधानों को पत्र लिखकर चिंता प्रकट की थी कि अधिग्रहित ज़मीन यानी डैम एरिया में नाज़ायज़ ढंग से खेती की जा रही है और सभी प्रधान इसे तुरंत बंद करवाएं। फसलों पर ज़हरीले स्प्रे से मछलियां भी मर रही हैं। अतः पौंग वेटलैंड जैसे राष्ट्रीय संपदा का संरक्षण अति आवश्यक है। 2018 से 2019 तक दो साल तक वेटलैंड भूमि पर गेहूं की बिजाई पर पूर्ण प्रतिबंध रहा।


लेकिन 2020 में पुनः माफिया ने जबरन फसल बीज दी। साल 2021 में इस इलाके के एक राजनेता ने चुनाव में वोट प्राप्त करने के लिए लोगों के साथ मिलकर पुनः बीबीएमबी की ज़मीन और वेटलैंड एरिया पर ग़ैर कानूनी ढंग से खेती शुरू करवा दी। इसमें भाजपा सरकार की भी कथित मौन स्वीकृति थी क्योंकि वो इस ख़्याली पुलाव में जी रही थी कि फतेहपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में तथाकथित किसानों का माफिया तंत्र उनका साथ देगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और कांग्रेस ने पुनः यह सीट जीत ली। लेकिन जिन नेताओं ने लोगों को जबरन खेती के लिए उकसाया था, वे जीत नहीं पाए। यानी पौंग डैम में विस्थापन का मुद्दा नेपथ्य में धकेला जा चुका है और सत्ता प्राप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की 'रामसर साइट' यानी पौंग वेटलैंड में वाइल्ड लाइफ बर्ड सेंक्चुरी के कानूनों के सभी प्रावधानों का धड़ल्ले से उल्लंघन हो रहा है। मिलखी राम शर्मा पीपुल फार एनवायरनमेंट के समन्वयक हैं और पौंग लेक बायो डाइवर्सिटी कंजरवेशन सोसायटी के सदस्य भी हैं। उनके साथ इस क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग जुड़े हुए हैं। अपने 9 जनवरी 2019 व 26 दिसंबर 2020 के पत्रों में मिलखी राम ने शिमला स्थित वाइल्ड लाइफ के पीसीएफ को बार-बार वन्य जीव संरक्षण कानूनों के उल्लंघन के लिए तथ्यों के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करने का आग्रह किया है, लेकिन ये सद्प्रयास सफल नहीं हो पा रहे हैं। इस माफिया पर नकेल कसनी होगी।

# चीन की तरह अपनी सर्जरी करे भारत

**भरत झुनझुनवाला**

चीन इस समय तीन संकटों से जूझ रहा है। पहला संकट बेल्ट एंड रोड परियोजना या बीआरआई का है। बीते दो दशकों में चीन ने संपूर्ण विश्व को माल निर्यात किया है और चीन को भारी मात्रा में आय हुई है। इस रकम का निवेश करना जरूरी था। चीन ने इसका उपयोग बीआरआई में किया है। इससे चीन के निर्यातकों को और आसानी होगी क्योंकि चीन का माल दूसरे देशों में आसानी से पहुंच सकेगा। साथ-साथ चीन की निर्माण कंपनियों को भी बड़े ठेके मिलेंगे। लेकिन दूसरे देशों पर बीआरआई का प्रभाव संदिग्ध है। विश्व बैंक के अनुसार चीन से यूरोप को जाने वाली बीआरआई पर कजाखस्तान और पोलैंड में निर्माण की गतिविधियां बढ़ी हैं। लेकिन बीआरआई में भ्रष्टाचार व्याप्त है। चीन की नौकरशाही द्वारा परियोजनाओं की लागत को बढ़ा-चढ़ा कर बताया जाता है और पर्याप्त रकम का रिसाव कर लिया जाता है। इस दृष्टि से मलेशिया के प्रधानमंत्री महाथिर मोहम्मद ने बीआरआई को 'नया उपनिवेशवाद' बताया है। म्यांमार ने कुछ एक बंदरगाह परियोजना को निरस्त किया है। अन्य तमाम देशों ने परियोजनाओं के आकार में बदलाव की मांग की है। इसलिए बीआरआई के दो परस्पर विरोधी संकेत उपलब्ध हैं। एक तरफ कजाखस्तान और पोलैंड जैसे देशों को लाभ हो रहा है, जबकि दूसरी तरफ मलेशिया जैसे देश इसका विरोध कर रहे हैं। इन दोनों परस्पर विरोधी संकेतों के बीच चीन को बीआरआई की सर्जरी करनी होगी जिसमें कि केवल कुशल परियोजनाओं को लागू किया जाए और परियोजनाओं में रिसाव पर नियंत्रण किया जाए। फिलहाल चीन यह सर्जरी नहीं कर रहा है, इसलिए बीआरआई पर संकट विद्यमान रहने की संभावना है। चीन का दूसरा संकट एवरग्रैंड नाम की कंस्ट्रक्शन कंपनी और दूसरी इसी तरह की विशाल कंपनियों का है। इन कंपनियों ने भारी मात्रा में लोन लिए थे। एवरग्रैंड ने भारी मात्रा में बहुमंजिले रिहायशी मकान बनाए, लेकिन कोविड संकट के कारण इनकी बिक्री नहीं हो सकी। फलस्वरूप यह कंपनी लोन से दब गई और समय के अनुसार रिपेमेंट नहीं कर पा रही थी। इस तरह की कंपनियों के डूबने से संपूर्ण अर्थव्यवस्था में संकट पैदा न हो, इसलिए शी जिनपिंग ने नियम बनाया कि किसी भी कंपनी को लोन तब ही दिए जाएंगे जब वे तीन शर्तों को पूरा करेंगी। पहली शर्त थी कि कंपनी की कुल संपत्ति, कंपनी के द्वारा लिए गए कुल लोन से अधिक होनी चाहिए। दूसरी शर्त थी कि कंपनी के पास अल्प समय में लोन के रिपेमेंट को जितनी रकम की जरूरत है, उससे अधिक नगद उपलब्ध होना चाहिए। तीसरी शर्त थी कि कंपनी के अपनी पूंजी या शेयर कैपिटल की तुलना में लिया गया लोन कम होना चाहिए। जिन कंपनियों द्वारा इन तीनों शर्तों को पूरा किया जाता था, केवल उन्हीं को बैंक लोन दे सकते थे। एवरग्रैंड इन तीनों ही शर्तों को पूरा नहीं कर सकी। फलस्वरूप एवरग्रैंड को नए लोन नहीं मिल सके। वह लिए गए लोन का रिपेमेंट नहीं कर सकी क्योंकि उसके द्वारा बनाए गए रिहायशी मकान बिक नहीं रहे थे। इस संकट से उबरने के लिए एवरग्रैंड को अपनी संपत्तियों को कम मूल्य पर बेचना पड़ा। बल्कि चीन की सरकार ने सार्वजनिक इकाइयों को आदेश दिए कि एवरग्रैंड की संपत्तियों को वे कम दाम पर खरीद सकते हैं। इस प्रकार भारी भरकम लोन से दबी हुई एवरग्रैंड कंपनी को अपनी संपत्तियां बेचकर अपने को हलका बनाना पड़ रहा है। यदि सरकार इस प्रकार का सख्त कदम नहीं उठाती तो बैंक इस कंपनी को और लोन देते रहते और आने वाले समय में यह बड़े संकट के रूप में संपूर्ण चीन की अर्थव्यवस्था को डुबो सकती थी। इसलिए चीन द्वारा अपनी वित्तीय अर्थव्यवस्था की सर्जरी की गई है, ऐसा मानना चाहिए। इसे मैं चीन के लिए शुभ संकेत मानता हूं क्योंकि स्वयं अपने ऊपर लाए गए इस छोटे संकट से चीन अपनी अर्थव्यवस्था को भविष्य में बड़े संकट से बचा सकेगा। वर्तमान में चीन के सामने तीसरा संकट बिजली का है। इसका कारण यह है कि शी जिनपिंग ने प्रदूषण करने वाले थर्मल संयंत्रों द्वारा वायु के प्रदूषण किए जाने पर रोक लगाई है। कोयले से बिजली उत्पादन करने वाले कई संयंत्र बंद हो गए हैं और बिजली का संकट पैदा हो गया है। नशेड़ी को गुटखा न दिया जाए तो वह पस्त हो जाता है। इसी प्रकार वायु प्रदूषण के नशे में धुत चीन की अर्थव्यवस्था को प्रदूषण पर रोक लगाने से यह संकट पैदा हुआ है। यह भी चीन के लिए शुभ संकेत है। प्रदूषण कम होने से अर्थव्यवस्था मूलतः सुदृढ़ होती है। ऊर्जा का कुशल उपयोग होता है और लंबे समय में सस्ता माल बनाया जाता है। बिजली महंगी होगी तो बिजली का सदुपयोग होगा और अंत में चीन की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। चीन के तीन संकटों में एवरग्रैंड का वित्तीय संकट और पावर कट के संकट इसलिए पैदा हुए हैं कि चीन स्वयं अपनी सर्जरी कर रहा है। बीआरआई की सर्जरी फिलहाल चीन करता नहीं दिख रहा है, लेकिन यदि इसकी भी सर्जरी करेगा तो चीन उस संकट से भी सुदृढ़ निकलेगा। इस परिस्थिति में भारत को चीन के द्वारा लिए गए कदमों से सीख लेनी चाहिए। पहला यह कि अपने देश में थर्मल बिजली संयंत्रों और जल विद्युत परियोजनाओं द्वारा भारी मात्रा में प्रदूषण किया जा रहा है जिस पर रोक लगाने से हमारी अर्थव्यवस्था कुशल होगी।

## वर्ग पहेली 4462



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इन्हें 1971 में भारत रत्न से नवाजा गया था (5)
4. आवाज या शब्द को यह भी कहते हे (2)
6. देह, काया, शरीर (2)
7. उपस्थित होना, अवाई, आने वाला समय (3)
8. एक प्रकार घुटने तक का लंबा पहनावा (2)
9. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
10. जो मन को अच्छा लगे, मनपसंद, मनभाया (5)
12. वंचित, रहित, प्रत्यय जो शब्द के अंत में लगकर अनेक अर्थ देता है (2)
14. तरकारी, सब्जी (2)
16. पैदाईश, उत्पत्ति (3)
17. दारचीनी जाति का एक वृक्ष जिसकी छाल औषधि के काम आती है (2)
18. जिसके अवयव पास-पास सटे हों (2)
20. बाकी, बचा हुआ, शेष (3)
21. एक अंग्रेजी तौल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. प्रबंध, बंदोबस्त (4)
2. सूर्योदय से सूर्यास्त के समय का मान (4)
3. ग्राम, देहात (2)
4. अभ्यर्दना, रिसेप्शन (3)
5. उपकार न मानने वाला, कृतघ्न (6)
7. वर्तमान का दिन, जो दिन बीत रहा है (2)
9. शान-शौकत (4)
11. समुद्र के पानी का चढ़ाव के बाद वेगपूर्वक पीछे हटना (2)
13. भीड़, जमावड़ा (4)
14. इंद्रधनुष में रंगों की संख्या (2)
15. अंधेर, क्रोध, कोप, संकट (3)
16. साधन, कारण, हेतु, संबंध (3)
19. एक प्रकार की मोटी खमीरी रोटी (2)

### वर्ग पहेली 4461 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बां | ग्ला | दे | श | | आ | बा | द |
| ह | | ना | म | ज | द | गी | |
| में | ह | | क | ल | मी | | ना |
| भ | र | ना | | | औ | र | त |
| र | फ | | अ | च | र | ज | |
| ना | | फौ | जी | | इं | क | |
| | गु | | त | म | सा | | मो |
| बे | रू | त | | जा | न | व | र |

# छोटा परदा

**मंगलवार, दिनांक 09 नवंबर-2021**

**StarPlus:** 11:00 अनुपमा, 11:30 इमली, 12:00 ये है मोहब्बतें, 1:00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 2:00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 3:00 साथ निभाना साथिया, 6:00 आपकी नजरों ने समझा, 7:00 शौर्य और अनोखी की कहानी, 7:30 शादी मुबारक, 8:00 गुम है



किसी के प्यार में, 8:30 इमली, 9:00 साथ निभाना साथिया, 10:00 अनुपमा

>>>

**SONY:** 11:00 सुपर डांसर-चैप्टर-4, 12:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 2:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल,




3:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 3:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 4:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 5:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 5:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 6:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 7:00 मेरे सांई, 7:30 पुण्यश्लोक, 8:00 विघ्नहरता गणेश, 9:00 क्यों उत्थे दिल छोड़ आये, 9:30 इश्क पर जोर नहीं, 10:00 क्राईम पेट्रोल सतर्क, 11:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल

>>>

**ZEE TV:** 11:00 कुंडली भाग्य, 12:00 मेरी ताकत, 12:30 कुमकुम भाग्य, 1:00 कुंडली भाग्य, 2:00 पुर्नविवाह, 3:00 पवित्र रिश्ता, 4:00 पवित्र रिश्ता, 5:00 पवित्र रिश्ता, 6:00 हैवान, 8:00 जोधा अकबर, 7:00 अपना टाईम भी आएगा, 7:30 हमारी वाली गुडन्यूज, 8:30 तुझसे है राबता, 9:00 कुमकुम भाग्य, 9:30 कुंडली भाग्य, 11:00 कुमकुम भाग्य

>>>

**colors:** 11:00 श्री कृष्णा, 11:30 उडारियां, 12:00 ससुराल सिमर का, 2:00 थपकी



प्यार की, 5:30 नागिन, 6:50 ससुराल सिमर का, 7:30 छोटी सरदारनी, 8:00 शक्ति, 8:30 बेरिस्टर बाबू, 9:00 नमक इश्क का, 9:30 बावरा दिली, 10:00 पिंजरा खूबसूरती का, 11:00 ससुराल सिमर का,

>>>

**SONY SAB:** 11:00 मैडम सर, 12:00 तेरा यार हूं मैं, 12:00 हीरो, 1:00 वागले की दुनिया, 1:30 तारक मेहता का उल्टा



चश्मा, 2:30 मैडम सर, 3:00 हीरो, 3:30 तेरा यार हूं मैं, 4:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 5:00 मैडम सर, 5:30 जीजाजी छत पर है, 6:00 वागले की दुनिया, 6:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 7:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 8:00 हीरो, 8:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 9:00 वागले की दुनिया, 9:30 तेरा यार हूं मैं, 10:00 मैडम सर, 10:30 जीजाजी छत पर है, 11:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा

>>>

**DD NATIONAL:** 10:00 यहां के हम सिकंदर, 11:30 क्योंकि जीना इसी का नाम है, 12:00 मेरा देश बलाएं रे, 12:30 दुमरी एक परंपरा, 1:00 मंगलसूत्र... 2:00 सुकन्या हमारी बेटियां, 2:30 हरी मिर्ची-लाल मिर्ची, 3:00 बिन बिटियां आंगन सूना, 4:00 नई सोच, 5:30 यहां के हम सिकंदर, 6:00 चंद्रमुखी, 7:00 महाराणा रंजीत सिंह, 8:00 द्रोपदी, 9:00 श्री गणेश, 9:30 श्री गणेश, 10:00 ना हौसला हारेंगे हम, 10:30 पुरवाई-



एक नई आशा, फुले, 11:00 बिन बिटिया आंगन सूना

>>>

**ZEE CINEMA:** 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 2:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म

>>>

**MOVIES OK:** 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 2:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म

# आज का राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**तुला** — माता-पिता का साथ मिलेगा। धैर्यशीलता में कमी आएगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।

**वृषभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मानसिक शान्ति रहेगी।

**धनु** — यात्रा लाभप्रद रहेगी। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाईयां आ सकती हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**मकर** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। माता-पिता का साथ मिलेगा।

**सिंह** — अतिउत्साही होने से बचें। कारोबार का विस्तार हो सकता है। माता से धन प्राप्त हो सकते हैं।

**कुंभ** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खान-पान में रुचि बढ़ सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। क्रोध की अधिकता हो सकती है।

**मीन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 4462

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 4 | | 6 | |
| 3 | | | | 6 | 8 | 2 | | |
| 4 | 6 | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 3 | 4 | | 5 | | 7 | 2 | |
| | 9 | | 2 | | | | | |
| 6 | | | | 8 | | | 7 | 9 |
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 8 |
| | 7 | | 9 | | | | 5 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 4461

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 9 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 |

# संपूर्ण समाधान दिवस :आठ शिकायतें मौके पर निस्तारित

❑ अनुपस्थित लेखपालों और अधिकारियों से डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

❑ कुल 77 शिकायतें आईं, अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश

**बांदा, (संवाददाता)।** सोमवार को बबेरू तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने की। कुल 77 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 08 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष आवेदन पत्रों को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को इस निर्देश के साथ दिए गए कि सम्बन्धित आवेदन पत्रों का तत्परता से निस्तारण कराएं और अवगत कराएं।

समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस एवं विकास के मामले ज्यादा पाये गये। समाधान दिवस में अनुपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहायक निबन्धक सहकारिता, महा प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र एवं अधिशाषी अभियंता जल निगम तथा 12 लेखपाल अनुपस्थित पाये जाने पर सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया।

जिलाधिकारी श्री पटेल ने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन 10 बजे से 12 बजे तक कार्यालय में बैठकर जनता की समस्याएं सुने। प्राप्त शिकायतों को एक रजिस्टर में दर्ज कर शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट करें। उन्होंने लेखपालों को निर्देशित किया कि ग्राम सचिवालय में बैठकर जनता की समस्याएं सुने और घर-घर जाकर वरासत संबंधित एवं अन्य समस्यायें सुनें। गुणवत्तापरक निस्तारण करें। किसी भी व्यक्ति की वरासत पेन्डिंग नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लेखपाल को अपने संबंधित ग्राम की जानकारी होनी चाहिए। आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वोटर लिस्ट का भी काम निष्पक्ष ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि हम सबको अच्छे भाव से गरीबों के लिए कार्य करना चाहिए और जो शासन की योजनायें चल रही हैं, उनका लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बबेरू में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, उप जिलाधिकारी बबेरू दिनेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी बबेरू सियाराम, परियोजना निदेशक हुबलाल, डीडीओ एवं तहसीलदार अजय कुमार कटियार सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रभु नाम सुमिरन से पार लगती जीवन नैया

श्रीमद् भागवत कथा का तीसरा दिन



**बांदा, (संवाददाता)।** मानव जन्म अत्यंत दुर्लभ है, जिसके लिये देवता भी तरसते हैं। अजामिल की कथा सुनाते हुए पं.भरत बाजपेयी ने कहा कि अधम पापी भी पापों का प्रायश्चित करते हुए यदि अंत समय भी भगवान नाम का सुमिरन कर लेता है तो वह भवसागर से मुक्ति प्राप्त कर लेता है। 'दुर्लभो मानुषो देहो' की व्याख्या करते हुए कहा कि मानव तन पाने के लिये देवता भी लालायित रहते हैं। तुलसी ने भी मानस में लिखा बड़े भाग मानुष तन पावा, सुर दुर्लभ सद् ग्रंथन गावा जड़ भरत और अजामिल का प्रसंग सुनाते हुए विद्वान वक्ता ने कहा कि अजामिल जैसा पापी भी जीवन के अंतिम दिनों में अपने पापों का प्रायश्चित करके भगवान का ही नाम जपता है। परिणाम स्वरूप प्रभु का ध्यान करके भवसागर से मुक्त हो जाता है। उन्होंने भगवत गीता के श्लोक का प्रमाण दिया। सर्व धर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज भगवान कहते हैं कि सभी धर्मों का त्याग करके बस मेरी शरण में आ जाओ, तुम्हारा कल्याण हो जायेगा। कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य के भाग्य को बदलने की क्षमता सिर्फ परमात्मा में ही है। इसलिये हर प्रकार से उन्हीं की शरण में जाने में भलाई है। प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि कोई बच्चा हो या फिर पौधा उसके विकास में अनुवांशिकता और वातावरण का सबसे अधिक प्रभाव होता है। प्रहलाद है तो दैत्य का पुत्र, लेकिन उनकी मां गर्भावस्था में ही एक आश्रम आ गई थी। बालक का लालन-पालन भी वहीं हुआ। मां के दिये संस्कारों से प्रहलाद भगवान के भक्त हो गये।

## पेट्रोल पंप एसोसिएशिन पदाधिकारियों दिलाई गुटखा छोड़ने की शपथ

**बांदा, (संवाददाता)।** मंडलायक्त दिनेश कुमार सिंह ने पेट्रोल पम्प एसोसियेशन के पदाधिकारियों को गुटखा छोड़ने की शपथ दिलाई। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा डीजल, पेट्रोल पर एक्साईज ड्यूटी कम होने के कारण हुए नुकसान की भरपाई के संबंध में संतोष कुमार गुप्त सदस्य राष्ट्रीय परिषद प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मण्डल उप्र के नेतृत्व में ज्ञापन सौपने गये थे। इस मौके पर उपस्थित सभी व्यापारी बन्धुओं को आयुक्त श्री सिंह ने जनपद को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने तथा गुटखा छोड़ने की अपील की। कहा कि आप लोग जनपद को स्वच्छ बनाने में पूरा सहयोग करें। गुटखा खाकर जगह-जगह थूकने से हो रही गन्दगी को दूर भगाने में पूरा योगदान दें। उन्होंने सभी व्यापारियों से जनपद को गुटखा, पान व तम्बाकू का सेवन न करने तथा नशा मुक्त बनाये जाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संतोष गुप्ता, राम विलास गुप्ता, आदित्य सिंह, श्रीकान्त शिवहरे, विवेक त्रिपाठी, सुधीर सिंह, मंजुला शुक्ला सहित पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।

## सिंचाई कर्मी पति से परेशान महिला, एसपी से शिकायत

❑ पत्नी ने लगाया सिंचाई कर्मी के किसी महिला से अवैध संबंधों का आरोप

❑ न्याय न मिला तो बच्चों संग जहर खाकर जान देने की चेतावनी

**बांदा, (संवाददाता)।** सिंचाई कर्मी की पत्नी ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया। शिकायती पत्र में एसपी को बताया कि उसका पति उसके साथ मारपीट करता है और बच्चों का भरण पोषण भी नहीं करता। आरोप लगाया कि उसके पति के एक महिला से अवैध संबंध हैं, इसके चलते अक्सर उसे प्रताड़ित करता है। महिला ने एसपी से कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि अगर उसे न्याय नहीं मिलेगा तो वह बच्चों समेत जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लेगी।

मामला अतर्रा थाना क्षेत्र के राजनगर का है। वहां रहने वाली रंजना ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पति अश्वनी कुमार सिंचाई विभाग में कार्यरत है। बताया कि पति उसके साथ मारपीट करता है और घर की देखरेख भी नहीं करता। उसके दो बेटी और एक बेटा है। महिला ने एसपी को बताया कि उसके पति के एक महिला से अवैध संबंध है। इसी के चलते वह अक्सर घर में मारपीट करते हैं और भरण पोषण की जिम्मेदारी से भी मुंह मोड़ रहे हैं। काफी समझाने के बाद भी कोई असर नहीं पड़ रहा। बच्चे भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। महिला ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई करने की मांग की है। महिला ने पुलिस अधीक्षक से यह भी कहा है कि अगर उसे न्याय नहीं मिला तो वह बच्चों समेत जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लेगी। पुलिस अधीक्षक ने महिला को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# छुट्टी के बाद खुला अस्पताल, मरीजों की रेलमपेल

❑ पांच दिन बाद खुला अस्पताल, ओपीडी में बनाए गए 1402 पर्चे

**बांदा, (संवाददाता)।** दीपावली पर अवकाश के बाद छठे दिन खुले जिला अस्पताल में सोमवार को मरीजों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। अस्पताल में मरीज और तीमारदारों की भीड़ की वजह से अव्यवस्थाओं का आलम रहा। पर्चा काउंटर से लेकर दवा वितरण काउंटर तक में अव्यवस्था हावी रही। दीपावली के मौके पर पांच दिन के अवकाश के साथ सोमवार को छठवें दिन जिला अस्पताल खुला तो मरीजों का रेला उमड़ पड़ा। पर्चा काउंटर के रजिस्टर को देखें तो ओपीडी में 1402 पर्चे बनाए गए। यह सभी मरीज चिकित्सकों के चेंबर पर पहुंचे और उपचार प्राप्त करने के बाद दवा काउंटर में दवा भी प्राप्त की। जबरदस्त भीड़ होने के कारण अस्पताल में मरीजों की रेलमपेल मची रही। ज्यादातर मरीज खांसी, जुकाम, बुखार से पीड़ित रहे। सभी मरीजों को चिकित्सकों ने उपचार सुलभ कराया। बावजूद इसके अधिक भीड़ देखकर तमाम तमीरदार अपने मरीजों को लेकर प्राइवेट अस्पतालों की ओर चले गए। जिला अस्पताल के फिजीशियन डा. हृदयेश पटेल ने बताया कि मौसमी परिवर्तन से ज्यादातर लोग सर्दी, जुकाम, बुखार से पीड़ित होकर आ रहे हैं। कुछ मरीज डेंगू के भी आ रहे हैं। उन्होंने लोगों को आगाह किया है कि बदल रहे मौसम में सावधानी बरतें। मच्छरों से बचने के लिए धुआं सुलगाएं। आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। इधर, पहले दवा लेने को लेकर लोगों में जमकर धक्का-मुक्की हुई। एक-दूसरे को गाली-गलौज तक लाइन में लगे लोग करते रहे। कुछ तीमारदार ऐसे भी थे कि उन्होंने समझा-बुझाकर मामले को रफा-दफा कराया। आयुष भवन में तीन चिकित्सकों की तैनाती है। इनमें आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथिक शामिल हैं। इसमें एक फार्मासिस्ट की ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन वह फार्मासिस्ट की ड्यूटी सीएमओ ने वैक्सीनेशन में लगा दी है, इससे औषधि वितरण कक्ष बंद रहता है। चिकित्सक द्वारा लिखी गई आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयां मरीजों को नहीं मिल पा रही हैं। मजबूर होकर मरीज बाहर से दवाइयां खरीद रहे हैं। सीएमओ डा. विजय तिवारी से जब इस संबंध में बातचीत की गई तो उन्होंने गोलमोल जवाब देते हुए मामले को टरका दिया। कहा कि तीन-तीन चिकित्सक बैठे हैं, वह दवा वितरण कर सकते हैं।

### सड़क हादसे में दो जख्मी

**बांदा, (संवाददाता)। दो बाइकों की भिड़ंत में एक अधिवक्ता समेत दो लोग घायल हो गए। दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने एक युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के बछनी पुरवा निवासी नरेंद्र (21) पुत्र जयकिशोर अपने स्कूटर से बाजार से सामान खरीदकर वापस घर आ रहा था, इसी बीच तहसील से आ रहे अधिवक्ता नरेंद्र शुक्ला की बाइक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इससे दोनो लोग गिरकर घायल हो गए। दोनो को सीएचसी में भर्ती कराया गया, वहां चिकित्सकों ने नरेंद्र की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अधिवक्ता नरेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।**

## सड़क हादसे में छात्र गंभीर रूप से घायल

पैलानी थाने के खप्टिहाकलां गांव का मामला

**बांदा, (संवाददाता)।** स्कूल से घर जा रहे छात्र को तेज रफ्तार बाइक ने रौंद दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद भाग रहे बाइक चालक को ग्रामीणों ने दबोच लिया। घायल को आनन-फानन जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। पैलानी थाना क्षेत्र के खप्टिहाकलां निवासी विनय (9) पुत्र रामू निषाद गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 4 में पढ़ता है। सोमवार की दोपहर वह खाना खाने के लिए घर जा रहा था, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। इससे छात्र सड़क पर गिर गया। बाइक सवार मौके से भागने का प्रयास करने लगे, इस पर ग्रामीणों ने दबोच लिया। विनय का बांया पैर टूट गया, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर चौकी प्रभारी ओमप्रकाश द्विवेदी मौके पर पहुंच गए।

# 108 वें श्री तारा नेत्रदान यज्ञ का सदगुरु ट्रस्ट में हुआ शुभारम्भ

❑ रणछोड़दास महाराज की जयंती पर अध्यक्ष विशद मफतलाल ने किया पूजन



**चित्रकूट, (संवाददाता)।** मानव सेवा के कार्यों के लिए विख्यात संत रणछोड़दास महाराज की जन्म जयंती पर सोमवार को 108 वें श्री तारा नेत्रदान यज्ञ का शुभारम्भ श्रीसद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद मफतलाल ने किया।

ट्रस्टी डॉ बी के जैन ने बताया कि आज का दिन समस्त सदुरु परिवार के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिवस है, आज गुरुदेव की जन्म जयंती है। इस दिन देश-विदेश में रहने वाले सभी गुरु भाई बहन चित्रकूट आते हैं और नेत्रयज्ञ में सम्मिलित होते हैं। साथ ही आज ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष तथा गुरुदेव के भक्त स्व सेठ अरविन्द भाई मफतलाल की पुण्यतिथि भी है। आज ही के दिन अरविंद भाई ने वर्ष 2011 में साकेत गमन किया था। गुरुदेव के वचनों और मानव सेवा के पुनीत लक्ष्य को आगे बढाने का कार्य सेठ अरविंद भाई ने अपने जीवनकाल में किया था। वर्ष 1967 में रंका बिहार में आये भीषण अकाल के समय वो गुरुदेव के परिचय में आये और उन्होंने पूरे मनोयोग से सेवा और राहत कार्य किया, इसीलिए गुरुदेव ने उनकी लगन और निष्ठा देखते हुए वर्ष 1968 में श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट की स्थापना कर उन्हें ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में बागडोर सौंपी थी। उन्होंने बताया कि रणछोड़दास महाराज ने नेत्रयज्ञ की शुरुवात चित्रकूट के प्रमोदवन में वर्ष 1950 में की थी। तब से अब तक प्रतिवर्ष नेत्रयज्ञ का आयोजन होता आ रहा है। पहले नेत्रयज्ञ में गुरुदेव ने मुंबई से चिकित्सक और स्टाफ की टीम, दवाई इत्यादि मंगवाया था और प्रमोदवन चित्रकूट के पुराने ब्रिटिश बैरक में आयोजित किया था। बताया कि सड़क, पानी व बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में भी उस समय 950 मोतियाबिंद के ओपरेशन सफलता पूर्वक हुए थे। धीरे-धीरे यह क्रम बढ़ता गया और नेत्रयज्ञ के साथ प्राकृतिक आपदाओं में राहत कार्य भी गुरुदेव आयोजित करते रहे। बताया कि चाहे बाढ़ हो, सूखा हो, अकाल हो, भूकम्प या अन्य कोई आपदा हो, गुरुदेव का राहत कार्य और नेत्रयज्ञ साथ-साथ अनवरत जारी रहा। गुरुदेव ने चित्रकूट के साथ, आनादपुर, बैनाडा, शुजालपुर, गुना, सतना आदि अनेक स्थानों पर नेत्रयज्ञ किया और लाखो लोगों तक नेत्र ज्योति पहुंचाई। इस वर्ष नेत्रयज्ञ की श्रृंखला में 108 वां तारा नेत्रदान यज्ञ चित्रकूट में आयोजित हो रहा है। चिकित्सा पद्धति के आधुनिकीकरण के उपरान्त आज भी ट्रस्ट में उसी सेवाभाव से रोगियों की सेवा की जाती है। प्रति वर्ष यहाँ 8 लाख से अधिक मरीज नेत्र जाँच के लिए आते हैं और लगभग एक लाख चालीस हजार से अधिक आपरेशन कुशल चिकित्सको द्वारा संपन्न किये जाते हैं।

### पुलिस टीम ने बैंकों में चलाया जांच अभियान

**चित्रकूट, (संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शीतला प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक व चौकी प्रभारी मय पुलिस टीम द्वारा थाना व चौकी क्षेत्र के बैंकों में चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान बैंक में लगे अलार्म एवं सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया। साथ ही शाखा प्रबंधक से भी इस सम्बन्ध में वार्ता की गयी। जांच के दौरान बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के लिए निर्देश दिये गये।**

## डीएम ने ताला तुड़वाकर खुलवाए रामशैय्या के यात्री प्रतीक्षालय

❑ बुन्देली सेना ने जताया आभार



**चित्रकूट, (संवाददाता)।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला द्वारा रामशैय्या में 15 सालों से बंद पड़े दो यात्री प्रतीक्षालयों को खुलवाने पर बुन्देली सेना ने जिलाधिकारी का आभार जताया है। बुंदेली सेना ने मांग की कि दोनों प्रतिक्षालयों की विधिवत रंगाई-पुताई और खिड़की-दरवाजों की भी व्यवस्था कराई जाए ताकि प्रत्येक अमावस्या में श्रद्धालु लाभान्वित होते रहे। बुन्देली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि रामशैय्या में लगभग 15 सालों से किसी गैर सरकारी व्यक्ति का दोनों प्रतीक्षालयों में आधिपत्य था। लगातार ताला लगा रहने से दोनों प्रतीक्षालय यात्रियों के लिए निष्प्रयोज्य थे। प्रतीक्षालय खोलवाने की मांग पर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल स्वयं मौके पर जाकर ताला तोड़वाया और दोनों प्रतीक्षालयों की विधिवत साफ-सफाई के निर्देश दिए। अंततः प्रशासनिक मशीनरी ने प्रतीक्षालय को दीपावली मेले में तीर्थ यात्रियों के मुफीद बना दिया। इस पर बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने जिलाधिकारी ने प्रति आभार जताया है और मांग की है कि दोनों प्रतीक्षालयों को ग्राम पंचायत बिहारा को हैंडओवर करा दिया जाए। साथ ही दोनों की विधिवत रंगाई-पुताई और खिड़की-दरवाजों की व्यवस्था की भी मांग की है ताकि प्रत्येक अमावस्या में तीर्थयात्री उससे लाभान्वित हों।

# सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को विधायक ने कराया अस्पताल में भर्ती

विधायक के मानवतापूर्ण कार्य से क्षेत्र में प्रसन्नता



**मानिकपुर, चित्रकूट, (संवाददाता)।** झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को मानिकपुर विधायक आनंद शुक्ला ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां घायल का समुचित इलाज चल रहा है। बीती रात्रि मानिकपुर विधायक आनंद शुक्ला क्षेत्र भ्रमण करने के बाद वापस अपने मऊ स्थित आवास जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में रामनगर के पास स्थानीय युवक दुर्गा साहू एक सड़क हादसे में घायल हो गया था तथा घायल युवक सड़क किनारे रात के अंधेरे में जमीन पर तड़प रहा था। यह देखकर मानिकपुर विधायक ने तत्काल अपनी गाड़ी खड़ी कराई और घायल को अपनी गाड़ी में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में भर्ती कराया। साथ ही विधायक ने घायल युवक का समुचित इलाज करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए। स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टरों ने बताया कि घायल को उचित समय पर समुचित इलाज मिला, अगर कुछ और देर होती तो यह मामला गंभीर हो सकता था। बीती रात्रि मानिकपुर विधायक द्वारा किया गया यह मानवतापूर्ण कार्य क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है तथा क्षेत्रीय लोगों ने विधायक के इस कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

### प्रशिक्षण कार्यशाला हुई प्रारम्भ

**चित्रकूट, (संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में यूपी 112 प्रभारी मोबीन खान की उपस्थिति में राघव प्रेक्षागार/प्रशिक्षण इकाई में यूपी 112 में नवनियुक्त मुख्य आरक्षियों का 18 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला प्रारम्भ हुई।**

## 19 को जोतहरी आश्रम में जुटेंगे 30 गांवों के हजारों भक्त

**चित्रकूट, (संवाददाता)।** सती अनुसुइया परिक्षेत्र के जंगल मे स्थित जोतहरी आश्रम में आगामी 19 नवम्बर को अखण्ड रामनाम संकीर्तन के एक वर्ष पूरे होने पर विविध धार्मिक आयोजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में 30 गांवों की कीर्तन मंडलियों के अलावा हजारों की तादाद में यूपी-एमपी के दर्जनों जिलों से भक्तजन सहभागिता करेंगे। श्री करुणानिधि सेवा ट्रस्ट जोतहरी आश्रम के प्रमुख संत चतुर्भुजदास महात्यागी महाराज ने बताया कि आश्रम में अनंत वर्षीय अखण्ड रामनाम संकीर्तन की शुरुआत पिछले वर्ष हुई थी। उन्होंने बताया कि अखण्ड रामनाम संकीर्तन के एक वर्ष पूरे होने पर भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष 19 नवम्बर को आश्रम में श्री रामार्चन पूजन होगा, कीर्तन टीमें आश्रम से कामदगिरि की परिक्रमा करने जाएंगी। इसके बाद वापस लौटकर हवन और पूजन के दौर चलेंगे। इसी दिन भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

## युवक को महिला ने चाकू मारकर किया जख्मी

**बांदा, (संवाददाता)।** एक युवक घर में घुस गया और महिला से दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। इस पर महिला ने युवक पर चाकू से वार करके जख्मी कर दिया। लहूलुहान हालत में पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। युवक का कहना है कि महिला उससे रुपयों की मांग कर रही थी, न देने पर उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना शहर के एक मुहल्ले की है। एक युवक पर महिला और वृद्ध ने उस पर ताबड़तोड़ चाकू और डंडों से हमला कर दिया। बेहोश होने पर उसे घर के बाहर फेंक दिया। वहां से गुजर रहे मुहल्लेवासियों ने देखा तो मामले की जानकारी 112 को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। होश आने के बाद युवक ने अपना नाम बिंदा पुत्र रामऔतार निवासी बड़ोखर बुजुर्ग थाना गिरवां बताया। युवक का कहना था कि महिला ने उसे अपने घर बुलाया था। महिला उससे रुपए मांग रही थी। रुपए देने से मना करने पर शराब के नशे में महिला ने उस पर ताबड़तोड़ चाकू और डंडे से कई वार कर दिए। इससे वह घायल हो गया। महिला के साथ एक वृद्ध भी था। वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने आरोपित महिला को हिरासत में ले लिया है। महिला ने पुलिस को बताया कि नशे में युवक उसके घर के अंदर घुस आया। दुष्कर्म करने का प्रयास कर रहा था। बचाव में उसने उसे डंडों से पीटकर घायल कर दिया।

### जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की मौत

**बांदा, (संवाददाता)।** हमीरपुर जिले के गुसियारी गांव में किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हो सकी। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हमीरपुर जनपद के गुसियारी गांव निवासी अशफा (16) पुत्री चुन्ना ने रविवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। उल्टी होने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई, तब घरवालों को मामले की जानकारी हो सकी। परिजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उपचार के दौरान अशफा ने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने परिजनों को पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी।

# यातायात नियमों का पालन न करने वाले 65 वाहनों से 60,000 रुपये का किया गया चालान



**चित्रकूट, (संवाददाता)।** यातायात माह नवम्बर के क्रम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव द्वारा स्कूली वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात प्रभारी द्वारा स्कूली बसों की जांच कर चालकों को क्षमता से अधिक बच्चे न बिठाने, धीमी गति एवं सावधानी पूर्वक वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए एवं चौराहा/तिराहा पर मोड़ते समय सावधानी रखने के लिए बताया गया। वाहनों में लगे आग बुझाने वाले सिलेण्डर एव फर्स्ट एड बॉक्स को चेक किया गया। यातायात प्रभारी द्वारा जिन वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध नही थे, उन चालकों को हिदायत देकर शीघ्र लगवाने के लिए निर्देशित किया गया। यातायात प्रभारी द्वारा स्कूली वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गयी कि वाहन चलाते समय बच्चों के सामने गुटखा, सिगरेट व अन्य मादक पदार्थों का सेवन न करें। यातायात प्रभारी द्वारा तीन सवारी, बिना हेलमेट/सीट बेल्ट, ओवरलोड, प्रेशर हॉर्न लगे वाहनों की चेकिंग की गयी। यातायात प्रभारी द्वारा वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने, सीट बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग करने एवं हाई-वे में निर्धारित गति सीमा में सावधानी पूर्वक वाहन चलाने के लिए, ओवरस्पीड न चलाने, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न करने एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए बताया गया तथा वाहन चालको को यातायात जागरूकता पम्पलेट वितरित किये गये। वाहन चेकिंग के दौरान तीन सवारी, बिना हेलमेट/सीटबेल्ट, ओवरस्पीड, प्रेशर हॉर्न एवं यातायात नियमों का पालन न करने वाले 65 वाहनों से 60,000 रूपये का पेन्डिंग ई-चालान किया गया।

### भाजपा सरकार से हर वर्ग है परेशानः रंजना

**मानिकपुर, चित्रकूट, (संवाददाता)। कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी और जिला उपाध्यक्ष रंजना बराती लाल पांडेय ने दावा किया है कि जब-जब देश-प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार आई, तब-तब देश व प्रदेश का विकास हुआ है। कहा कि भाजपा सरकार से हर वर्ग परेशान है। ब्लाक अंतर्गत हेला बगदरी गांव में सोमवार को रंजना पांडेय ने बैठक की। इस मौके पर ग्रामसभा व बूथ अध्यक्षों को मनोनीत किया गया। जिला सचिव कुलदीप द्विवेदी ने ग्राम अध्यक्ष छोटेलाल कोल का कांग्रेस की पट्टी पहनाकर स्वागत किया। अवनीश तिवारी, पूरन सिंह, अवधेश द्विवेदी को बूथ अध्यक्ष बनाया गया। रंजना ने कहा कि आम अवाम के हित में कांग्रेस पार्टी हमेशा खड़ी रहती है। आज जिस तरह प्रदेश में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर है।**

## बिजली विभाग की मनमानी से आक्रोशित ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**मऊ, चित्रकूट, (संवाददाता)।** नौजवान भारत सभा और बिगुल मजदूर दस्ता की अगुवाई में सोमवार को ग्रामीणों ने मऊ तहसील में प्रदर्शन किया। इस दौरान गामीणों ने बिजली विभाग पर मनमाने तरीके से बिल भेजने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को दिया। नौजवान भारत सभा के सुरेश ने बताया कि तहसील क्षेत्र मऊ के रामनगर, बरेठी, लोधौरा, बरिया, शंभूपुर, भैरमपुर, देवीपुर, खंडेवरा, करही आदि गांवों को बिजली विभाग ने संतृप्त नहीं किया है। सभी का मीटर भी नहीं लगाया गया है। कई गांवों में मीटर काम नहीं कर रहे। कई लोगों को एक ही नाम से दो या तीन बिल भेजे गए हैं। अधिकतर लोग गरीब किसान हैं और कई मजदूरी करके जीवनयापन करते हैं। कई बहुत कम बिजली का उपभोग करते हैं पर बहुत ज्यादा बिल भेजा गया है। लोगों ने कहा कि हम लोग बिल देने के लिए तैयार हैं लेकिन सबसे पहले इसमें सुधार किया जाए। लाकडाउन के समय का बिल माफ करने की भी मांग की। ज्ञापन देते समय रवि, रामसलोने, इंद्रेश, रामचंद्र, राहुल, उदित, राजेश, अजय, जयकुमार, बबलू आदि लोग मौजूद रहे।

# कमीशनबाजी से परेशान ग्राम प्रधानों ने खोला मोर्चा

डीएम को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा



**नरैनी, (संवाददाता)।** ब्लाक के अधिकारियों की कमीशन बाजी से परेशान ग्राम प्रधानों ने बीडीओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।ब्लाक कार्यालय में ताला लगाकर जमकर नारेबाजी की।डीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को देकर कार्यवाही की मांग की है। गांवो के विकास कार्यो में अधिकारियों की कमीशन खोरी जगजाहिर है पानी हद से ऊपर हो जाने पर ग्राम प्रधानों का सब्र टूट गया और ब्लाक कार्यालय में ताला डालकर बीडियो के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।डीएम को भेजे शिकायती पत्र में बताया है कि मनरेगा योजना में नियमतः उनके द्वारा काम कराया गया है।खण्ड विकास अधिकारी 20 फीसदी कमीशन मांग रहे हैं न देने के कारण उनके द्वारा किए गए पक्के कार्यो का भुगतान रोक दिया गया है।चेतावनी दी है कि यदि बीडियो ने कमीशन बाजी बन्द नही की तो गांवो के सभी काम बंद करवा देंगे।बीडियो के स्थानांतरण की भी मांग की है।इस दौरान प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रभान यादव श्याम शरण पटेल विजय कुमार मिश्रा चंद्र कुमार रामाधीन विनोद कुमार गंगादीन यादव राजेंद्र कुमार यादव लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

### शिविर में दी गई विधिक एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**बांदा, (संवाददाता)। जिला जज व अध्यक्ष गजेंद्र कुमार के निर्देशन तथा तहसीलदार पुष्पक की अध्यक्षता में तहसील सभागार में कोरोना काल में अनाथ हो चुके बच्चों को राज्य सरकार द्वारा मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त निशुल्क विधिक सेवाओं के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम तहसीलदार ने बताया कि ऐसे अनाथ बच्चे जिनके माता-पिता की मृत्यु कोरोना महामारी के कारण हो चुकी है अथवा माता-पिता में से किसी एक की मृत्यु कोरोना से हो चुकी है। उन्हें राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत चार हजार रुपये की आर्थिक सहायता उनके वयस्क होने तक प्रतिमाह दी जाएगी। साथ ही निशुल्क शिक्षा व बच्चियों को शादी अनुदान प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर आमजन के साथ तहसील सदर का स्टॉफ मौजूद रहा। शिविर का संचालन डॉ. जनार्दन प्रसाद त्रिपाठी द्वारा किया गया। इसके अलावा आजादी के अमृत महोत्सव विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत डोर-टू-डोर अभियान में मुख्यालय स्तर पर पराविधिक स्वयं सेवक नदीम अहमद, अरशद खान, देवेंद्र सिंह व अंकुर गुप्ता आदि द्वारा विधिक जानकारियां प्रदान की गई। इसी प्रकार प्राधिकरण से संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अलग-अलग स्थानों में कानूनी जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक अमर जीत सिंह द्वारा मे0 हरिओम प्रिंटर्स, हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) से मुद्रित एवं हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। संपादक- अमर जीत सिंह, मो0- 9455231344, आर0एन0आई0पंजी0सं0- UPHIN/2014/60049

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद फतेहपुर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुख्यमंत्री का घेराव कर काले झण्डे दिखायेगा निषाद कश्यप समाज

संवाददाता

**लखनऊ।** निषाद कश्यप आरक्षण के साथ वादाखिलाफी के मुद्दे पर सर्वदलीय निषाद कश्यप यूनियन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मथुरा आगमन पर घेराव कर काले झण्डे दिखाने की घोषणा की है। आगामी 10 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुंभ आरक्षित क्षेत्र वृन्दावन में आयोजित 10 दिवसीय बृज महोत्सव के उद्घाटन हेतु मथुरा आ रहे हैं सोमवार को औरंगाबाद स्थित अमर गार्डन में आयोजित सर्वदलीय निषाद कश्यप यूनियन की बैठक में यूनियन के राष्ट्रीय संयोजक कुँवर सिंह निषाद ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश के 18प्रतिशत निषाद, कश्यप, बिंद, मछुआ समाज के साथ विश्वासघात किया है निषाद कश्यप समाज को आरक्षण का वादा कर वोट तो हाँसिल किया लेकिन



आरक्षण देने में सरकार आनाकानी कर रही है अतः हमने फैसला किया है निषाद कश्यप समाज भाजपा सरकार का विरोध करेगा योगी आदित्यनाथ के मथुरा आगमन पर घेराव किया जायेगा और काले झण्डे दिखाये जायेंगे। निषाद ने घेराव हेतु ज्यादा से ज्यादा संख्या में निषाद कश्यप समाज के लोगों पहुँचने की अपील की है। रामजी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ पुरूषोत्तम निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10 नवंबर को मथुरा आ रहे हैं समस्त निषाद कश्यप बिंद समाज भाजपा के द्वारा किये जा रहे विश्वासघात के विरोध में योगी आदित्यनाथ को काले झण्डे दिखायेगा। बैठक में मुख्य रूप से देवकीनन्दन कश्यप, सुरेश निषाद अनिल निषाद, किशोरी निषाद, भीमा निषाद, कैलाशी, सुरेंद्र निषाद, नंदकिशोर, गिर्राज निषाद, हीरालाल, डालचंद सेठ, भगवती निषाद, रिंकू रमनलाल निषाद, हेमन्त निषाद उपस्थित थे।

# दूरबीन से भी ढूढ़े नहीं मिल रहे हैं अच्छे दिनः कृष्णाकांत पाण्डेय

संवाददाता

**लखनऊ।** मोदी सरकार की तुगलकी फैसला नोटबंदी को पांच वर्ष पूरे हो गये है। 50 दिन में अच्छे दिन दिखाने का वादा करने वाले मोदी ने आज पांच वर्ष पूरे होने पर भी दूरबीन से भी कहीं अच्छे दिन नहीं दिख रहें हैं। गरीब जनता को 8 नवम्बर 2016 को एक बार फिर भ्रमित किया गया और सपने दिखाये गये कि अब 15 लाख आ जायेगें, बेरोजगारी समाप्त हो जायेगी, महंगाई दूर-दूर तक दिखाई नहीं देगी, कानून का राज होगा, लेकिन हुआ कुछ भी नहीं। उक्त बयान देते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने कहा कि नोदबंदी के उपरान्त पांच सौ और एक हजार के लगभग सभी नोट वापस आ गये। इससे सरकार का यह दावा निंमूल साबित हुआ कि कालाधन की जमाखोरी बड़ी तादात में हुई है। सरकार का एक और दावा था कि नोटबंदी से आतंकवाद की रीढ़ टूट



जायेगी। 2004 से 2016 तक जितने जवान सीमा की सुरक्षा में शहीद हुए थे उससे ज्यादा नोटबंदी के बाद इन पांच वर्षों में शहीद हुए। विगत एक वर्ष में सीमा पर स्थिति और बदतर हुई है। एक वर्ष में 590 जवान शहीद हो चुके है, केवल पिछ्ले एक माह में 16 जवान शहीद हुए है। 22 दिन तक आतंकवादियों से कश्मीर में मुठभेड़ चला, 9 जवान शहीद हुए, बिना किसी ठोस परिणाम के सरकार को आपरेशन बंद करना पड़ा, इससे सरकार का यह दावा भी निंमूल साबित हुआ कि आतंकवाद, नोदबंदी से समाप्त हो जायेगा। श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि देश में सबसे ज्यादा रोजगार रियल स्टेट, प्राइवेट सेक्टर से सृजित होता था। नोटबंदी के बाद टूट गयी इन सेक्टर में 65 प्रकार के रोजगार मिलते थे यह पूरा क्षेत्र बैठ गया जो आज तक नहीं सुधर पाया। प्रदेश प्रवक्ता ने आगे कहा कि नोटबंदी के बाद जीडीपी का 2.5 प्रतिशत से भी ज्यादा तत्काल नीचे गिरना, जिसका उल्लेख पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने राज्यसभा में किया था अपने आप में नोटबंदी के निर्णय को एक सनकी फैसला जाहिर करता है। नोटबंदी एवं वैश्विक महामारी कोरोना के चलते माइनस चौबीस तक जीडीपी चली गयी जो अब माइनस सेवन तक आई है इसमें भी नोटबदी का बड़ा असर रहा है। अंत में श्री पाण्डेय ने कहा कि अर्थ व्यवस्था के दुष्परिणाम से सबसे ज्यादा नौजवान प्रभावित हुआ जिसकी तादाम 65 प्रतिशत से उपर है। प्रधानमंत्री द्वारा नोटबंदी का सनक में लिया गया तुगलकी फैसला था जो अपरिपक्वता एवं अदूरदर्शिता को दर्शाता है सारे सार्वजनिक उपक्रमों का बिकना उसी का दुष्परिणाम है जिन्हें स्थापित करने में दशकों लगे थे चाहे दूरसंचार, एयर इण्डिया, हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, ट्रेने, एलआईसी जैसे तमाम बनाने में देश का खून पसीना लगा था। उत्तर प्रदेश का सबसे ज्यादा नुकसान नोटबंदी ने किया है।

## मुसलमानों में खत्म हुआ योगी का डरः जमाल सिद्दीकी

**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी सोमवार को आगरा पहुंचे। मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुसलमानों को आजादी के बाद पहली बार अपनी पार्टी मिल गई है। विपक्ष लगातार भाजपा के नाम से लोगों को डराता था, पर अब मुसलमानों ने भगवा स्वीकार कर लिया है। उन्हें पता चल गया है कि यह तो ख्वाजा गरीब नवाज का चिश्तिया रंग है। मुसलमानों के दिल से योगी का डर अब खत्म हो गया है। उन्हें पता चल गया है की योगी मसीहा हैं और यह संत उनकी सेवा करने आया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें समझ लेना चाहिए कि हाजी रुमाल डालने और टोपी पहनने या मुलायम मुल्ला बनने से वोट नहीं मिलता है। अखिलेश यादव कहीं मार्केट में हैं ही नहीं। भाजपा में कभी किसी से कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। कांग्रेस को अंग्रेजों ने बनाया और तुष्टिकरण के लिए उन्होंने जुबानी तौर पर मुस्लिमों के लिए अच्छा कह दिया। मुसलमान उधर चला गया पर उन्होंने कुछ नहीं किया। कई क्षेत्रीय पार्टियों ने उनका वोट लेकर सत्ता हासिल की पर मुसलमानों के लिए कुछ नहीं किया।

# रिश्तों का कत्ल, भाई ने सगे भाई को उतारा मौत के घाट

**हमीरपुर, (संवाददाता)।** जिले में आज रिश्तों में हुआ कत्ल देखने को मिला है,जिसमें भाई ने ही भाई का गला दबाकर कत्ल कर दिया और शव को कुएं में फेंककर एक माह तक पुलिस को गुमराह करता रहा।आखिर पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया है और आरोपी भाई सहित एक को गिरफ्तार कर लिया है।

जी हाँ आपको बता दें कि मामला हमीरपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव का है।जहाँ के रहने वाले वैदेही शरण राजपूत का अपने भाई बबलू राजपूत से विवाद हो गया था।जिसको लेकर चर्चा है कि उसका भाभी से अवैध संबंध था।जिसकी जानकारी होने पर बबलू ने अपने साले और एक व्यक्ति रमाकांत के साथ मिलकर अपने भाई वैदेही शरण को मारने का प्लान बनाया और 4 अक्टूबर को गांव के पास बनी कुटिया में उसका गला दबाकर हत्या कर दिया और शव को कुएं में फेंककर रातभर कुएं में मिट्टी डालकर शव को दबा दिया।इसके बाद खुद वह उसकी गुमसुदगी दर्ज करवाकर पुलिस से शिकायत दर्ज करवा दिया।इस मामले में जब वैदेही शरण का एक माह तक पता नही चला तो पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए परिजनों से कड़ाई से पूछताछ शुरू कर दी और चौकाने वाला मामला देखने को मिला कि आखिर भाई ने काबुल कर लिया कि उसने ही अपने भाई का कत्ल किया है।पुलिस ने रात भर कुएं से रेस्क्यू करके शव को बरामद कर पोस्टमार्टम भेज दिया है। आरोपी भाई बबलू और उसके साले को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक आरोपी रमाकांत की तलाश शुरू कर दी है।वही घटना का खुलासा करने वाली टीम को एसपी कमलेश कुमार दीक्षित ने 10 हजार का इनाम भी देने की घोषणा की है।

# एनएसयूआई ने शिक्षा बचाओ देश बचाओ अभियान किया लॉन्च

संवाददाता

**लखनऊ।** नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया ने उत्तर प्रदेश में शिक्षा बचाओ देश बचाओ अभियान की शुरुआत की। एनएसयूआई के अनुसार नयी शिक्षा नीति केंद्रीकरण व शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देती है। साथ ही यह शिक्षा विरोधी नीति तब लायी गयी जब पूरे देश में कोविड कहर का दौर था। उद्देश्य साफ है मोदी सरकार शिक्षा को भी सिर्फ अमीरों के लिए एक सुविधा जैसा बनाना चाहती है। गरीब बच्चों के भविष्य के साथ यह सीधा खिलवाड़ है।



शिक्षा बचाओं देश बचाओ अभियान को एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी शौर्यवीर सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान ने लॉन्च किया।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी शौर्यवीर का कहना है कि बीजेपी सरकार निजीकरण नौकरियां, आरक्षण व भविष्य सब बर्बाद कर देगा। सरकारी संस्थानों के निजीकरण से देश के युवाओं के लिए स्थायी रोजगार के अवसर खत्म हो जाएंगे। अब तो नयी शिक्षा नीति भी निजीकरण को बढ़ावा दे रही या है तो गरीब जाए तो जाए कहाँ। साथ ही एसएससी, एनईईटी, जेईई जैसे सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में घोटाले सामने आना व युवाओं को वर्षों तक नौकरी नहीं देना यह साफ बताता है कि मोदी सरकार छात्र विरोधी है। अगर हम छात्र वर्ग के लिए कोई नीति बना रहें हैं तो हमारा कर्तव्य बनता हैं कि हम उनसे चर्चा करें, लेकिन वर्तमान सरकार की आदत बन चुकी हैं कि सभी कार्य तानाशाही तरीके से लागू करते हैं। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान जीका कहना है कि जब से बीजेपी सरकार सत्ता में आई हैं तब से छात्रों की फैलोशिप एवं स्कॉलरशिप रोकी जा रहीं हैं, प्रवेश परीक्षाओं में घोटाले हो रहें हैं तथा परीक्षाओं के परिणाम देरी से आ रहे हैं। जिसके कारण छात्रों के 2 से 3 साल बर्बाद हो जाते हैं। एनएसयूआई केंद्र सरकार से मांग करती हैं कि केंद्रीय स्तर एवं प्रदेश स्तर पर छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में आयु सीमा में कम से कम 2 साल की छूट दी जाएं। क्योंकि कोरोना काल में छात्रों के 2 साल पूरी तरह बर्बाद हो चुके हैं। गौरतलब है कि कोरोना काल के नुकसान के बाद छात्र अब तक नुकसान से नहीं उबर पाए है और एनएसयूआई के इस आंदोलन ने छात्रों की मांगों को आवाज दी है।

# दिसंबर से मुफ्त राशन के साथ दाल व तेल भी मिलेगा फ्री

संवाददाता

**लखनऊ।** विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश वासियों को गेहूं और चावल मुफ्त मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है। इसके अलावा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को मिलने वाले खाद्यान्न के साथ-साथ एक किलो दाल, एक लीटर खाद्य तेल और एक किलो नमक भी फ्री दिया जाएगा। यह फ्री वितरण दिसंबर माह में शुरू होगा। हालांकि, फ्री राशन के लिए ग्राहक को टीकाकरण प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के अन्त्योदय कार्डधारकों को मिलने वाले खाद्यान्न के तहत चावल, गेहूं ही नहीं, बल्कि एक किलो दाल, एक लीटर खाद्य तेल, एक किलो नमक और एक किलो चीनी निःशुल्क दी जाएगी। इसी प्रकार, पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को मिलने वाले खाद्यान्न के साथ-साथ एक किलो दाल, एक लीटर खाद्य तेल और एक किलो नमक भी निःशुल्क दिया जाएगा।

कोटेदार से सरकारी खाद्यान्न लेने से पहले ग्राहक को अपना टीकाकरण प्रमाण पत्र भी दिखाना होगा। अगर आपने कोरोना का टीका नहीं लगवाया है तो इसके लिए संतोषजनक लिखित जवाब देना होगा। दरअसल, त्योहारी सीजन के चलते मंद पड़ी टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने के लिए सीडीओ ईशा प्रिया ने नई पहल की है। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी के माध्यम से जिले के सभी कोटेदारों को पत्र जारी कराया है। जिसमें सख्त निर्देश दिया गया है कि उपभोक्ताओं का टीकाकरण प्रमाण पत्र देखने के बाद ही उन्हें खाद्यान्न दिया जाए। जिन उपभोक्ताओं अथवा उनके परिवार के किसी व्यक्ति ने अब तक टीका नहीं लगवाया है उनसे लिखित जवाब लेने के बाद ही खाद्यान्न दिए जाने का निर्देश है।

# मीसा कबड्डी महाकुंभ में बुलंदशहर प्रथम व मुजफ्फरनगर द्वितीय होने का जीता खिताब

संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी के ब्लॉक गोसाई गंज अंतर्गत ग्राम पंचायत मीसा में बाबा जुगनू दास की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय मेले के अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राज्य व प्रदेश स्तर पर गोसाई गंज प्रधान संघ अध्यक्ष प्रधान जितेंद्र कुमार जीतू द्वारा कबड्डी महाकुंभ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया कबड्डी प्रतियोगिता 6 नवंबर से 7 नवंबर तक चली जिसका फाइनल मुकाबला 7 नवंबर को हुआ। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य राज्य से कुल 40 टीमों ने भाग लिया। जिसमें बुलंदशहर टीम प्रथम एवं मुजफ्फरनगर टीम द्वितीय विजयी घोषित हुई। जीती टीमों को एक-एक ट्राफी देकर सम्मानित किया गया एवम् जीती टीमों के सभी खिलाड़ियों को एक-एक रेंजर साइकिल, ट्रैक सूट,



प्रशस्ति पत्र एवं मेडल संप्रेम भेंट कर पुरुस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुवे सपा विधायक अम्बरीश सिंह पुष्कर, एमएलसी सुनील सिंह साजन, पूर्व सांसद सुशीला सरोज एवं सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सपा के पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, विधायक मोहनलाल गंज अमब्रीश सिंह पुष्कर, पूर्व सांसद सुशीला सरोज, उपस्थित रहे। जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला भी बढ़ाया और उन्हें शुभकामनाएं भी दी प्रतियोगिता में ग्राम वासियों व क्षेत्र वासियों ने खिलाड़ियों का हौसला बड़ाते हुवे कबड्डी व मेले आनंद का लेते हुए भरपूर सहयोग भी किया। इस दौरान अमेठी नगर पंचायत अध्यक्ष मो0 वाहिद, भूतपूर्व ब्लॉक प्रमुख मान सिंह वर्मा, भाजपा नेता वीरेंद्र कुमार रावत, प्रधान सर्वेश कुमार महमूदपुर, प्रधान राजबहादुर प्रधान धर्मेंद्र कुमार, प्रधान जगरूप सिंह, प्रधान मो0 शाद, प्रधान अखिलेश कुमार, दुर्गेश कुमार अम्बेडकर प्रधान राजा रावत, प्रधान प्रतिनिधि दीपक कुमार, ललित रावत, प्रधान अतर सिंह यादव, बलराम अधिवक्ता व अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मेले व कबड्डी प्रतियोगिता में विद्यासागर, लवकुश, भागीरथ, रमेश, वीरवान, अमित कुमार अधिवक्ता, लालसिंह, रोहन, टिंकू, विनय, रामू, आदेश, अशोक, तब्बू, गुच्छन, राजेश, अनिल आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# पेशी के दौरान अमिताभ ठाकुर की बिगड़ी तबियत

संवाददाता

**लखनऊ।** सोमवार को सी.जे.एम. कोर्ट में पेशी के दौरान अमिताभ ठाकुर की तबियत बिगड़ गयी और चक्कर आने से वे गिर गए। उनकी अधिवक्ता ने कोर्ट को अवगत कराया की जेल में लगातार अमिताभ की तबियत ख़राब



रही है, और उन्हें बिना किसी जाँच के हाई पावर की दवाइयाँ दी जा रही हैं, जिस से सेहत में सुधार आने की जगह तबियत और बिगड़ती जा रही है। अमिताभ की खराब तबियत का संज्ञान लेते हुए सी.जे.एम. ने जेल प्रशासन को सी.एम.ओ. द्वारा टीम गठित करा के अमिताभ की समुचित चिकस्तकिय जाँच कराने का आदेश दिया है।

# नवनीत सहगल ने राजा टोडरमल की मूर्ति का किया माल्यार्पण

संवाददाता

**सीतापुर।** अपर मुख्य सचिव, सूचना, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग नवनीत सहगल ने राजा टोडरमल टण्डन की 432वीं पुण्यतिथि पर राजा टोडरमल पार्क में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कहा कि खतौनी निकालने के लिये अब ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध हो गयी है, कोई भी व्यक्ति अपनी खतौनी ऑनलाइन के माध्यम से डाउनलोड कर सकता है।

सहगल ने कहा सीतापुर मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में शामिल एक जनपद एक उत्पाद सी.एफ.सी. योजनान्तर्गत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन सी.एफ.सी. मै0 बिसवां बेलफेयर सोसाइटी बिसवां की समीक्षा की गयी। सी.एफ.सी. लगभग सवा दो करोड़ रूपये की लागत से तैयार हो रही है, इस



सी.एफ.सी. में रा-मैरियल बैंक, कॉमन प्रोसेसिंग सेन्टर, डिजाइनिंग एवं एग्जीविशन सेन्टर इत्यादि का निर्माण किया जा रहा है।

दूसरी परियोजना सीतापुर हैण्डलूम दरी एसोसिएशन खैराबाद में डाईग प्लान्ट ई.टी.पी. सहित जो कि लगभग 15 करोड़ रूपये लागत की है। दोनों परियोजनाओं के एसपीवी प्रतिनिधयों के साथ समीक्षा का गयी तथा परियोजनाओं को अतिशीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक हरिशंकर लाल शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डा. राजीव दीक्षित, नगर मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा, ज्वाईन्ट कमिश्नर उद्योग, आशीष गुप्ता डिप्टी कमिश्नर उद्योग, एसपीवी प्रतिनिधि हयात कौशर, पवन अग्रवाल, बिसवां वेलफेयर सोसाइटी बिसवां, इश्तियाक हुसेन एवं इरफान प्रतिपिधि मै0 सीतापुर हैण्डलूम दरी एसोसिएशन सीतापुर तथा उद्योग विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लोगों की जान जोखिम में डालकर सवारियां ढो रहे डग्गामार वाहन

संवाददाता

**हलिया,मिर्जापुर।** प्रशासन की उदासीनता के चलते जिले के हलिया थाना क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर डग्गामार वाहन क्षमता से अधिक सवारियों को लादकर फर्राटा भरते हुए देखे जा सकते हैं। इन वाहनों में भूसे की तरह यात्रियों को लादकर ढोया जा रहा है, ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

क्षेत्र के हर्रा, नदना, मतवार, कुशियरा मार्ग पर चलने वाले दर्जनों डग्गामार वाहनों पर प्रतिदिन लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं। हलिया से नदना, मतवार,कुशियरा रोड पर चलने वाले दर्जनों डग्गामार वाहनों की हालत यह है कि इनके भीतर सीटों में निर्धारित संख्या से अधिक सवारियां बैठाई जाती हैं। इसके बाद पीछे व दोनों तरफ साइड के पायदानों पर सवारियों को लटका दिया जाता है इतना ही



नही सवारियां अधिक होने पर वाहनों की छतों पर सवारियों को बैठा लेते हैं। प्रशासन की लापरवाही के चलते तथा इन वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही करने से डग्गामार वाहन बेखौफ होकर क्षमता से अधिक सवारियों को लेकर सड़क पर दौड़ लगा रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी से डग्गामार वाहनों पर प्रतिबन्ध लगाए जाने तथा मतवार कुशियरा मार्ग पर नियमित रूप से रोडवेज बस चलाए जाने व डग्गामार वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# नोटबंदी के विरोध में कांग्रेस ने मनाया काला दिवस, पूछा- कब आएगा काला धन

संवाददाता

**लखनऊ।** मोदी सरकार के नोटबंदी के फैसले को सोमवार को पांच वर्ष पूरे हो गए हैं। सरकार के इस फैसले के विरोध में कांग्रेस ने सोमवार को काला दिवस मनाया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

भारत माता मंदिर पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में नोटबंदी को अर्थव्यवस्था को चौपट करने वाला फैसला बताया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर नोटबंदी का विरोध किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक अजय राय ने कहा कि, 8 नवंबर 2016 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी की घोषणा की थी। नोटबंदी की वजह से आर्थिक प्रगति पूरी तरह बाधित हो गई। अजय राय ने कहा कि पीएम ने हिंदुस्तान की जनता से 50 दिन का समय




मांगा था। काशी की जनता आज उन्हें हर चौराहे पर खोज रही है।

पीएम ने कहा था आतंकवाद खत्म हो जायेगा, काला धन वापस आ जायेगा। मुझे लगता है न काला धन वापस आया है न ही आतंकवाद खत्म हुआ, उल्टा बढ़ा ही है। इसलिए यह दिन काला दिवस है और यही हिंदुस्तान की जनता को बताने के लिए आज हम कांग्रेस के लोग इकठ्ठा हुए हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी केंद्र सरकार के नोटबंदी के फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने ट्वीट कर पूछा कि, अगर नोटबंदी सफल थी तो भ्रष्टाचार खत्म क्यों नहीं हुआ? कालाधन वापस क्यों नहीं आया? अर्थव्यवस्था कैशलेस क्यों नहीं हुई? आतंकवाद पर चोट क्यों नहीं हुई? महंगाई पर अंकुश क्यों नहीं लगा?

# मो. आसिम बने जमीयत उलमा-ए-हिंद के जिलाध्यक्ष

संवाददाता

**सीतापुर।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के दो वर्षीय जिला स्तरीय पदाधिकारियों का चुनाव गत दिवस नगर के मदरसा फैजुल उलूम मीलाद कमेटी, महमूदाबाद में संपन्न हुआ। जिसमें जिलाध्यक्ष हेतु 1, जिला उपाध्यक्ष 4, महासचिव 1, उपसचिव 4, कोषाध्यक्ष तर्जुमान, मीडिया प्रभारी तथा संगठन की अन्य शाखाओं के पदाधिकारियों के लिए सदस्यों ने अपने-अपने मताधिकार का उपयोग किया। जमीयत उलमा-ए-हिंद के जिला सीतापुर में 1 लाख 6 हजार सदस्य बने हैं। जिनमें 106 सदस्यों ने वोट देने का हक रखा। उक्त चुनावी कार्यक्रम में जिले की 17 इकाइयों ने भाग लिया। बिसवां यूनिट से मात्र 20 सदस्यों ने उम्मीदवारों को वोट दिया क्योंकि इस तहसील से अब तक जमीयत उलमा.ए.हिंद के सदस्यता अभियान में 20 हजार मेंबर्स बने हैं। वर्तमान में नई कमेटी जहांगीराबाद में भी बनाई गई है। उक्त कार्यक्रम में संचालन करने वाले व चुनाव अधिकारी के रूप में मौ0 वकील अहमद कासमीए प्रिंसिपल मदरसा दारुल उलूम रहमानिया लहरपुर थे। चुनाव के पूर्व कार्यक्रम का आगाज तिलावते कलाम पाक कारी रफीक पैंतेपुरी व नाते पाक, कारी इरशाद साजिद लहरपुरी से हुआ। तत्पश्चात संगठन का झंडारोहण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया है। इसी दौरान तराना भी पेश किया गया। अध्यक्षता मो. उस्मान कासमी ने की। जमीयत उलमा-ए-हिंद के जिला स्तरीय सीतापुर के चुनाव में जिलाध्यक्ष पद के दावेदार मो. अफजल कासमी, चेयरमैन नगर पंचायत पैंतेपुर व मो. आसिम इकबाल नदवी, प्रबंधक अल जामियतुल फुर्कानिया बिसवां थे। दोनों उम्मीदवारों के बीच शुरू से कड़ा मुकाबला लग रहा था परंतु बीच में ही मो. अफजल कासमी ने अपना नाम वापस ले लिया। इस तरह जिलाध्यक्ष पद पर मो. आसिम इकबाल नदवी निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिलाध्यक्ष की कुर्सी मिलने के बाद मशहूर आलिमे दीन व युवा समाजसेवी मो. आसिम इकबाल नदवी को लोगों ने मुबारकबाद पेश की तथा फूल मालाओं से लाद दिया। वहीं जिला उपाध्यक्ष पद पर महमूदाबाद से मो. कासिम उस्मानी, लहरपुर के मुफ्ती मो0 मोनिस कासमी, सीतापुर से मशीतुल्लाह कासमी, बिसवां से मुफ्ती शरीफ निर्वाचित हुए। महासचिव का ओहदा मो. वकील कासमी लहरपुरी ने अपने नाम कर लिया। वहीं उपसचिव हेतु कारी मो. आसिफ कासमी, मो. जियाउद्दीन नदवी, मो. असलम, मो. अखलाक के नाम पर मोहर लगी। कमजोर, बेसहारों तथा प्रताड़ित नागरिकों को हमेशा से मदद मुहैया कराना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। यह संगठन सियासी नहीं है ना ही किसी पार्टी से लेनदेन रखता है।